

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



व्हाइट ड्रेस में बला की...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 20 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 360 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


### राहुल के बयान पर बोले एस जयशंकर

## राजनीतिक आलोचना से कोई समस्या नहीं, हमारे जवानों का होना चाहिए सम्मान

अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत और चीन के बीच 9 दिसंबर को झड़प की खबर आई थी। इस मामले को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में बयान दे दिया था। लेकिन विपक्ष जबरदस्त तरीके से केंद्र के मोदी सरकार पर हमलावर है। इन सबके बीच राहुल गांधी ने एक बयान देते हुए कहा था कि सीमा पर हमारे जवान पीट रहे हैं और चीन युद्ध की तैयारी कर चुका है। पर हमारी सरकार सो रही है। इसी को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि हमें राजनीतिक आलोचना से कोई समस्या नहीं है। लेकिन हमें अपने जवानों का अपमान नहीं करना चाहिए। वह विषम परिस्थितियों में भी बॉर्डर पर खड़े रहकर हमारी रखवाली करते हैं। इसलिए उनकी सराहना और उनका सम्मान सर्वोच्च होना चाहिए।




राहुल गांधी के बयान पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि हमें राजनीतिक आलोचना से कोई समस्या नहीं है लेकिन हमें अपने जवानों का अपमान नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि मेरी अपनी समझ को और गहरा करने की जरूरत है। जब मैं देखता हूं कि कौन सलाह दे रहा है तो मैं केवल झुक सकता हूं और सम्मान कर सकता हूं। उन्होंने साफ कहा कि हमारे जवानों के लिए शपिटाईश शब्द का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष के सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम चीन के प्रति उदासीन थे तो भारतीय सेना को सीमा पर किसने भेजा। अगर हम चीन के प्रति उदासीन थे तो आज चीन पर डी–एस्केलेशन अ ा ै र डिसइंगेजमेंट के लिए दबाव क्यों बना रहे हैं? हम सार्वजनिक रूप से क्यों कह रहे हैं कि हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं? एस जयशंकर ने साफ तौर पर कहा कि हमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने जवानों की आलोचना नहीं करनी चाहिए। हमारे जवान यांग्त्से में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर खड़े होकर हमारी सीमा की रखवाली कर रहे हैं। उनका सम्मान और सराहना की जानी चाहिए। श्रीलंका के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से श्रीलंका से रिहा किए गए भारतीय मछुआरों की संख्या 2,835 और मछुआरों की संख्या है। पीएम मोदी ने तमिल मछुआरों की समस्याओं पर ध्यान दिया है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने बार–बार श्रीलंका के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से बात की है। अगर श्रीलंका में पकड़े गए मछुआरों को आज रिहा किया जाता है, तो इसलिए नहीं कि कोई चेन्नई में पत्र लिख रहा है, बल्कि इसलिए कि दिल्ली में कोई इस मामले को उठा रहा है।

## स्मृति ईरानी के खिलाफ कांग्रेस नेता अजय राय की आपत्तिजनक टिप्पणी, भाजपा ने किया पलटवार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय राय ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर एक आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक वीडियो जारी कर अजय राय के इस बयान को सामने लाया है। अजय राय इस वीडियो में साफ तौर पर कह रहे दिखाई दे रहे हैं कि स्मृति ईरानी अमेठी में लटके–झटके दिखाने आती हैं और वापस चली जाती हैं। अब अजय राय के इस बयान पर बवाल बढ़ सकता है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इस पर पलटवार भी किया है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी के वफादार अजय राय ने स्मृति ईरानी पर लटके झटके वाली टिप्पणी कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह सहयोग नहीं है। अपने ट्वीट में शहजाद पूनावाला ने लिखा कि यह राजनीतिक बदला लेने के लिए प्रथम परिवार द्वारा प्रायोजित प्रयोग है क्योंकि स्मृति ईरानी ने अमेठी में राजवंश को हराया है। कांग्रेस ने पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति का भी अपमान किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी लिखा है कि कांग्रेस की मानसिकता एक बार फिर से उजागर हो गई है। हालांकि, प्रभासाक्षी इस वीडियो की पुष्टी नहीं करता है। अजय राय ने इस बात का भी संकेत दिया है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। आपको बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी ने अमेठी से राहुल गांधी को पराजित किया था। अमेठी कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां से राहुल गांधी लगातार सांसद रहे हैं। लेकिन 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दरअसल, कांग्रेस नेता अजय राय सोनभद्र मेंअपनी बात रख रहे थे। वह देश में राहुल गांधी द्वारा निकाले जा रहे भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में अलग–अलग जगहों का दौरा कर रहे हैं। सोनभद्र में भी भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही थी। इसमें हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी दौरान हुंकार भरते हुए हजारे ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनारस से 2024 का चुनाव जरूर हराएंगे। अजय राय लगातार बनारस से चुनाव लड़ते रहे हैं। 2019 में भी अजय राय ने वाराणसी से चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें 152548 वोट ही मिले थे जबकि 2014 के चुनाव में अजय राय को 75614 वोट वाराणसी में मिले थे।



## परीक्षार्थियों को इंटरव्यू के लिए असीम अरुण ने दिए टिप्स

लखनऊ। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने यूपीएससी–2022 की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों को साक्षात्कार के लिए आज आनलाइन सफलता के टिप्स दिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने ऑफिशियल फेसबुक पेज पर इंटरव्यू में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों से उनके लोकतांत्रिक मूल्यों एवं आदर्शों, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की धारणा को बोर्ड के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए कहा। उन्होंने अभ्यार्थियों से वर्तमान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के उत्कृष्ट कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी रखने को कहा। साथ ही उन्होंने अभ्यर्थियों को कुतर्क से बचने की सलाह दी।

## देश की कोयला खदानों में 90 प्रतिशत तक क्षमता का उपयोग हो रहा : केंद्र

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि देश की कोयला खदानों में क्षमता का अधिकतम उपयोग (90 प्रतिशत तक) हो रहा है और अगले साल तक देश में कोयला उत्पादन के बढ़कर एक अरब टन हो जाने की संभावना है। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में कोयले का उत्पादन 56.6 करोड़ टन था जो इस साल बढ़कर 90 करोड़ टन हो जाएगा। जोशी ने कहा कि 2030 तक देश में कोयले की मांग बढ़कर 150 करोड़ टन हो जाएगी और मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली संप्रग सरकार ने कोयले के उत्पादन में वृद्धि की दिशा में कदम नहीं उठाया और उसके कार्यकाल में कोयला खदानों के आवंटन में घोटाले हुए। उन्होंने कहा कि सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। कांग्रेस सदस्य रंजीत रंजन ने देश की कोयला खदानों में क्षमता से कम उत्पादन होने को लेकर सवाल किया था। कोयला मंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्ववती संप्रग सरकार के दौरान खदानों के आवंटन में घोटाला होता था लेकिन इस सरकार ने पूरी पारदर्शिता बरतते हुए नीलामी को तरजीह दी जिससे राज्यों को मिलने वाले राजस्व में वृद्धि हुई है।



## चीन से फंडिंग के आरोपों पर कांग्रेस का भाजपा पर पलटवार, विदेश मंत्री के बेटे पर पवन खेड़ा ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली। राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चौरिटेबल ट्रस्ट में चंदे को लोकर भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। सरकार ने राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चौरिटेबल ट्रस्ट के एफसीआरए (विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम) लाइसेंसों को कानूनों के उल्लंघन के लिए रद्द कर दिया था। भाजपा के साथ चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पलटवार किया है। इसके साथ ही उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर पर भी निशाना साधा है। पवन खेड़ा ने अपने बयान में कहा कि यह सार्वजनिक डोमेन में है कि पैसा राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा लिया गया था। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि संगठनों को इस तरीके से हर जगह से अनुदान प्राप्त होता है। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि जिस संगठन के लिए विदेश मंत्री का बेटा काम करता है उसे चीनी दूतावास से तीन बार अनुदान मिला। हमने कोई आरोप नहीं लगाया क्योंकि इस तरह धन जुटाया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने कई सवाल भी उठाए। उन्होंने कहा कि यह फंडिंग क्यों मिली, इसका क्या कारण है और भारत सरकार बार–बार चुप्पी साधे क्यों रखती है? इसके आगे उन्होंने कहा कि यहाँ क्या गलत है? आप जवाब दें पीएम मोदी चीन से क्यों डरते हैं? वह उनके सामने अपना मुँह क्यों नहीं खोलता? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह उन्हें क्लीन चिट क्यों देते हैं और हमारे ही जवानों के बलिदान को नकारते हैं और उनका अपमान करते हैं। खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि जब देश में वीर सेना के होते हुए भी एक कायर राजा हो तो देश की सीमाएं सुरक्षित कैसे रह सकती हैं? उन्होंने कहा कि हमें राजा की कायरता से आपत्ति है। हमें राजा की उस मजबूरी से आपत्ति है जो उसे चीन के सामने बोलने नहीं देती। चीन के समक्ष मेरे देश का राजा कमजोर और मजबूर दिख रहा है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि तवांग पर हमसे सवाल करने से पहले, राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए, क्या वह चीनी अधिकारियों के साथ थे, जबकि भारतीय सेना डोकलाम मुद्दे पर चीन के सैनिकों से लड़ रही थी? क्या उन्होंने उस समय हमारी सेना पर सवाल उठाया था? क्या राजीव गांधी फाउंडेशन ने चीनी अधिकारियों से फंडिंग ली?




## सीमावर्ती मराठी भाई–बहनों के साथ हैं खड़े, प्रदर्शन पर रोक को लेकर फडणवीस बोले– कर्नाटक ब्ड से करेंगे बात

मुंबई। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच बेलगाम शहर में 10 दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। जिसके विरोध में मध्यवर्ती महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमएमईएस) बेलगावी के जिला मुख्यालय तिलकवाड़ी में एक विरोध प्रदर्शन किया। किंतु कर्नाटक की सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी। अब पूरे मुद्दे पर मीडिया से बात करते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने अपनी राय रखी है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र के सीमावर्ती भाग में जो कोई प्रश्न चल रहे हैं उसके ऊपर महाराष्ट्र एकीकरण समिति ने एक आंदोलन रखा था, जो पूरी तरह से लोकतांत्रिक था। किंतु कर्नाटक की सरकार ने उसको परमीशन नहीं दी। हमारे यहां से भी कुछ नेता वहां जाना चाहते थे, लेकिन उनको भी परमीशन नहीं दी गई। हम जरूर इसके ऊपर कर्नाटक की सरकार और वहां के मुख्यमंत्री से बात करेंगे। दोनों राज्यों ने तय किया है कि आवाजाही पर रोक नहीं है। शांतिपूर्ण अगर कोई आंदोलन हो रहा है तो उसको भी रोकने का कोई कारण नहीं है। फडणवीस ने कहा कि हम हमारे सीमावर्ती मराठी भाई–बहनों के साथ खड़े हैं।



## दिल्ली में मौसम के पहले घने कोहरे से रेल, सड़क यातायात प्रभावित

नयी दिल्ली। सर्दी के मौसम में दिल्ली में सोमवार को पहली बार घना कोहरा छाया रहाजिससे दृश्यता घटकर 150 मीटर रह गई और सड़क तथा रेल यातायात प्रभावित हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि करीब 20 ट्रेनें 15 मिनट से दो घंटे की देरी से चल रही हैं। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, "कोहरा आज ट्रेनों की आवाजाही को प्रभावित कर रहा है। हमने एहतियाती कदम उठाए हैं। ऐसी स्थितियों में गति प्रतिबंध लगाए गए हैं। सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यात्रियों को घोषणाओं और अन्य माध्यमों से समय–सारणी के बारे में सूचित किया जा रहा है।" हालांकि, हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने कहा कि उड़ान परिचालन प्रभावित नहीं हुआ क्योंकि कम दृश्यता प्रक्रिया (एलवीपी) आधी रात से करीब चार घंटे तक जारी रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि उपग्रहीय तस्वीरों में पंजाब से लेकर हरियाणा और दिल्ली होते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश तक फैले कोहरे की मोटी परत दिखाई दे रही है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि पालम हवाईअड्डे पर सुबह साढ़े तीन बजे से छह बजे के बीच दृश्यता घटकर 150–200 मीटर रह गई और सुबह सात बजे तक यह सुधर कर 350 मीटर हो गई।



## कर्नाटक में वीर सावरकर पर पक्ष और विपक्ष में आखिर क्यों मची सियासी तकरार?




बंगलुरू। कर्नाटक विधानसभा में वीर सावरकर की तस्वीर पर विवाद खड़ा हो गया है। आज से शुरू हुए शीतकालीन सत्र के दौरान वीर सावरकर की तस्वीर का अनावरण किया गया, जिसको लेकर कांग्रेस की तरफ से आपत्ति जताई गई है। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि वीर सावरकर की तस्वीर बीजेपी का एजेंडा है। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष सिद्धारमैया ने मामले को बीजेपी का एजेंडा बताते हुए सावरकर को विवादित शख्सियत बताया है। यह कोई विरोध नहीं है, यह हमारी मांग है कि सभी राष्ट्रीय नेताओं और समाज सुधारकों के चित्र (कर्नाटक विधानसभा हॉल में) लगाए जाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने एकतरफा तरीके से विधानसभा में वीर सावरकर का चित्र लगाने का निर्णय लिया है।






## 2024 Elections: दिल्ली में भाजपा से सीधा मुकाबला करने की तैयारी में आप, इस प्लान के तहत बढ़ रही है आगे

अरविंद केजरीवाल की पार्टी आम आदमी पार्टी अब 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसको लेकर पार्टी के नेता अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया है कि आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक के में 2024 चुनाव को लेकर नेताओं के समक्ष एक रणनीति पेश की गई है। इस रणनीति के तहत अब आम आदमी पार्टी के नेता राष्ट्रीय मुद्दों पर काफी आक्रमक रहेंगे और भाजपा पर सवाल खड़े करेंगे। दरअसल, आम आदमी पार्टी का मुख्य उद्देश्य 2024 में दिल्ली में भाजपा और आप के बीच मुकाबला बनाना है। आम आदमी पार्टी अब सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती देने की कोशिश करेगी। ऐसे में कांग्रेस के लिए कहीं ना कहीं खतरे की स्थिति जरूर होगी। दिल्ली में 2019 के लोकसभा चुनाव को देखें तो त्रिकोणीय मुकाबला हुआ था। लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी का जोर इसे भाजपा बनाम आप करने पर है और पार्टी की ओर से इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह भी बताया है कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली के नेताओं की ओर से अब राष्ट्रीय मुद्दों को उठाया जाएगा। विशेष रूप से सुरक्षा, बेरोजगारी और विदेश नीति इसमें शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के नेता इन मुद्दों पर मुखर रहेंगे और इसे राष्ट्रीय मुद्दा बनाने की कोशिश करेंगे। पार्टी भाजपा पर आक्रामक होकर यह दिखाने की कोशिश करेगी कि हम ही मुख्य विपक्षी दल है और फिर चुनाव आप बनाम भाजपा आसानी से हो सकता है। दिल्ली में आप बनाम भाजपा होने के साथ ही कांग्रेस मुकाबले से बाहर हो जाएगी और ऐसे में आम आदमी पार्टी को फायदा हो सकता है। आम आदमी पार्टी को इस बात की उम्मीद है कि दिल्ली में जो कांग्रेस का वोट है, वह उसकी तरफ शिफ्ट हो सकता है। बताया जा रहा है कि आम आदमी पार्टी की बैठक में देश की सुरक्षा, महंगाई को नियंत्रित करने और रोजगार नीति तैयार करने के प्रस्ताव को भी पारित किया गया है। इसका मतलब साफ है कि आम आदमी पार्टी आने वाले दिनों में सुरक्षा, महंगाई और रोजगार को बड़ा मुद्दा बनाने जा रही है और इन्हीं मुद्दों पर केंद्र की मोदी सरकार को घेरेगी। लोकसभा चुनाव की बात करें तो 2014 और 2019 में भाजपा ने दिल्ली के सभी सातों सीटों पर अपना कब्जा जमाया था।



# बहराइच में तैयार हुआ देश का पहला न्यू बोर्न एक्शन प्लान

बहराइच स देश में नौनिहालों की सेहत सुधारने व नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के लिए न्यूबार्न एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके लिए चार राज्यों से आठ जिलों का चुनाव किया गया है । इनमें उत्तर प्रदेश के दो जनपद बहराइच व प्रयागराज शामिल हैं। बीते दिनों मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश चंद्र की मौजूदगी में यूनिसेफ के सहयोग से देश की पहली जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जनपद के स्थानीय होटल में की गयी। इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य प्रतिनिधियों ने नवजात सुरक्षा के सभी पहलुओं पर चर्चा कर रणनीति तैयार की। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ वेद प्रकाश ने बताया कि नवजात शिशु सुरक्षा के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2014 में आईएनए यानि इंडियन न्यूबार्न एक्शन प्लान प्रारंभ किया था। जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर नवजात मृत्य दर जो वर्ष 2014 में 26 प्रति 1000 जीवित जन्म थी उसमें शीघ्रता से कमी लाने के लिए नीति निर्माण करना था । इसके लिए वर्ष 2030 तक राष्ट्रीय स्तर पर नवजात मृत्यु दर को 10 प्रति 1000 जीवित जन्म तक लाने का लक्ष्य रखा गया है।

महाप्रबंधक ने बताया कि आईएनए की ओर से तय नीतियों व प्रयासों के चलते नवजात मृत्यु दर में काफी गिरावट आई है ।

एसआरएस 2020–22 के आंकड़ों के अनुसार बीते 8 वर्षों में राष्ट्रीय नवजात मृत्यु दर 26 से घट कर 20 प्रति 1000 जीवित जन्म तथा उत्तर प्रदेश में नवजात मृत्यु दर 32 से घट कर 28 प्रति 1000 जीवित जन्म है।

उन्होने बताया कि आगामी 8 वर्षों में नवजात मृत्यु दर में शीघ्रता से कमी लाने के लिए भारत सरकार ने बीते माह जुलाई–अगस्त में चार राज्यों दृ उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, जम्मू कश्मीर एवं मेघालय के आठ जनपदों में बोटल नेक विश्लेषण किया तथा इसकी गैप एनालिसिस माह सितम्बर में साझा की । इसके आधार पर उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में न्यूबार्न एक्शन प्लान तैयार किया गया है। आगामी दिनों में प्रयागराज में भी कार्यशाला आयोजित कर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

इस बारे में यूनिसेफ की हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ कनुप्रिया सिंघल ने बताया कि नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के लिए मुख्यतः छह पहलुओं पर विशेष जोर रहेगा । इनमें गर्भवती की प्रसव पूर्व देखभाल , प्रसव के दौरान देखभाल , शिशु जन्म के तुरंत देखभाल , स्वस्थ शिशु की देखभाल , बीमार शिशु की देखभाल व अस्पताल से लौटने के बाद बीमार शिशु की देखभाल शामिल हैं । उन्होंने बताया कि नवजात को स्वस्थ रखने के लिए एक घंटे के अंदर स्तनपान के साथ ही खतरे के लक्षणों वाली गर्भवती का उचित संदर्भन एवं उपचार करने में आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स के साथ ही जनपद एवं राज्य स्तर से भी सभी को समुचित प्रयास करने की आवश्यकता है ।

इस अवसर पर बिल मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन से डॉ विकास यादव, इंडिया हेल्थ एक्शन ट्रस्ट से डॉ रेनू श्रीवास्तव गोयल, अपर मुख्य चिकित्साअधिकारी डॉ पी0 के0 बांदिल सहित जनपद व ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने कैशलेस इलाज योजना के विरोध में बीएसए को दिया ज्ञापन

बहराइच ।जिले में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षको को शुल्क देकर कैशलेस चिकित्सा योजना दिए जाने की योजना के विरोध के स्वर तेज हो रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के पदाधिकारियों ने सैकड़ो शिक्षकों के साथ बीएसए कार्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कैशलेस इलाज में शुल्क वसूली आदेश को निरस्त किये जाने हेतु मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन की प्रति देकर विरोध दर्ज कराया। मालूम हो कि शिक्षको के संगठन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में दो सौ से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओ ने बीएसए कार्यालय पहुँच जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र ने कहा कि बेसिक विद्यालयों के शिक्षको के जिम्मे शिक्षण के अतिरिक्त बीएलओ, चुनाव ड्यूटी, जनगणना, आपदा राहत कार्यों सहित दर्जनों गैर शैक्षणिक कार्य होते हैं। इसके बावजूद भी विभाग के उच्चाधिकारी सचिव बेसिक शिक्षा प्रयागराज द्वारा शुल्क के सापेक्ष चिकित्सा इलाज योजना शिक्षकों के साथ छलावा मात्र है। बीमा बाजार में शुल्क के साथ अनेको प्लान मौजूद हैं। अधिकारीगण प्राइवेट कंपनियों को फायदा पहुचाने के उद्देश्य से जबरन ऐसे प्लान शिक्षकों पर थोपना चाह रहे हैं जिसका शिक्षक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले एकजुटता से विरोध करेंगे। महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हम शिक्षकों के लिए राज्यकर्मचारियो की भांति पूर्णतयः कैशलेस इलाज स्कीम की पुरजोर मांग करते हैं।

# अमरगढ़ महोत्सव 2022 के समापन के बाद मीडिया के बंधुओं को पूर्व विधायक ने किया सम्मानित

## आयोजन समिति के अध्यक्ष व संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मीडिया के बंधुओं को प्रशस्ति पत्र, मोमोंटों, स्मारिका, डायरी व पेन देकर किया सम्मानित

दिलीप श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। रविवार को दोपहर में रेस्ट हाउस में विगत 26, 27 व 28 नवंबर को आयोजित अमरगढ़ महोत्सव के आयोजक समिति के अध्यक्ष, संरक्षक व पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शहीद सम्मान यात्रा, अमरगढ़ महोत्सव 2022 कार्यक्रम में बेहतर कवरेज हेतु मीडिया बंधुओं को स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन कर मीडिया के लोगों को सम्मानित किया गया। संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी के कार्यों, सहयोग व कार्यों की भूरि भूरि प्रसंशा करते हुए सभी को प्रशस्ति पत्र, मोमोंटों, स्मारिका,



डायरी, पेन देकर सम्मानित किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष व संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि डुमरियागंज के प्रत्येक नागरिक के योगदान के चलते अमरगढ़ महोत्सव काफी सफल रहा है। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1858 के अमरगढ़ के आजादी के लड़ाई को जन–जन तक पहुंचाने के लिए बहुत सारे लोग दिन रात काम कर रहे थे, जिसके फलस्वरुप अमरगढ़ में स्थानीय वीर शहीदों के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपार भीड़ उपस्थित रही। इस बार स्थानीय वीर अमर शहीदों के शौर्यता का प्रतीक अमरगढ़ की वीर भूमि पर अमरगढ़ महोत्सव में जनसामान्य का भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जो देशभक्ति का जज्बा अमरगढ़ के इतिहास में देखा गया, वह अभूतपूर्व था, उसी जोश को हमें अपनी आज की पीढ़ी में आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण के लिए आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अमरगढ़ महोत्सव के दौरान देशभक्ति व जोश का माहौल तैयार हुआ हैं, वह राष्ट्र निर्माण के साथ हमारे युवाओं के भावनात्मक जुड़ाव को स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज का आयोजन हुआ जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सदर विधायक श्यामधनी राही, अजय उपाध्याय, फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, सत्य प्रकाश राही, लवकुश ओझा, लालजी शुक्ला, नामित सभासद राजीव कुमार आदि उपस्थित रहें।

### राहुल चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते हैंः राघवेन्द्र प्रताप सिंह

अरुणाचल के तवांग में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर राहुल गांधी द्वारा किए गए विवादित टिप्पणी पर पूर्व विधायक ने कहा कि यह उनकी राष्ट्र विरोधी मानसिकता का प्रतीक है। वह चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। उनकी यह टिप्पणी उनकी राष्ट्र भक्ति पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है। भारत के बहादुर जवानों के शौर्य और पराक्रम पर प्रश्न चिन्ह उठाना बहुत ही निन्दनीय हैं इसके लिए उन्हें सभी भारतीयों से माफी मांगनी चाहिए।

# श्रावस्ती सांसद ने सहारा का बकाया पैसा वापस दिलाने की मांग संसद में उठायी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। जिले के श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने उत्तर प्रदेश के सहारा में फंसा है उसे वापस दिलाने की संसद में उठाई श्री सांसद वर्मा ने संसद में अनुरोध किया कि तमाम गरीबों का पैसा जो सहारा में फंसा है टाइम पूरा होने के बाद भी नहीं मिल रहा है जिससे गरीबों का तमाम काम जैसी लड़की की शादी बच्चों की पढ़ाई से लेकर तमाम आवश्यक कार्य रुके पड़े हैं सांसद ने सरकार से अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश के सभी बकाया दारू का पैसा सहारा से तुरंत वापस दिलाया जाए जिससे वह अपने आवश्यक कार्य पूरा कर सकें।




# बैटमिटन प्रतियोगिता में बच्चों को सम्मानित किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। अखिलेश्वर इंटर कॉलेज तुलसीपुर में बैटमिनटन प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल प्रबंधक रंजन तिवारी के अध्यछता में किया गया। जिसमें स्कूल के हर वर्ग के बच्चों ने भाग लिया प्रतियोगिता 3 दिन चली जिसमें जूनियर और सीनियर के बच्चों ने अपने–अपने मैचों में जीत हासिल किया सीनियर पुरुष विजेता वैभव पाण्डेय तथा गर्ल्स सीनियर वजेता मधुपाल तथा जूनियर में निशि सिंह तथा बॉयज जूनियर अनमोल गुप्ता रहें। उक्त जानकारी स्कूल प्राचार्य गुन्नू तिवारी ने दी वीरता ओबेजिता सभी को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।





# जिला बार संघ चुनाव में अजय बहादुर सिंह बने महामंत्री

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। सोमवार सुबह 10 बजे से तहसील परिसर में बनी संघ भवन में जिला बार संघ का चुनाव संपन्न हुआ चुनाव में जहां एक और अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चयन हुआ तो वही महामंत्री के पद के लिए अजय बहादुर सिंह व अयाज अहमद गुड्डू में सीधा मुकाबला रहा। अन्य सभी पदों पर भी निर्विरोध चयन रहा। यह जानकारी देते हुए एल्डर कमेटी के चेयरमैन राधारमण तिवारी ने बताया कि निर्वाचन कार्य चुनाव अधिकारी कुंवर उमाशंकर सिंह व मुकेश सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ। संघ में कुल 582 मतदाता थे जिसमें से 511 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महामंत्री पद के लिए हुए चुनाव में अजय बहादुर सिंह को 282 व अयाज अहमद गुड्डू को 226 मत मिले तीन मत अवैध रहे इस प्रकार सीधे मुकाबले में अजय बहादुर सिंह ने अयाज अहमद गुड्डू को 56 वोटों से हरा दिया।



# आदिवासियों ने 1857 से पूर्व ही अंग्रेजों का विरोध शुरू कर दियाःडॉ0 मोहम्मद आरिफ

## आदिवासी संस्कृति और अस्मिता की रक्षा जरूरीः हिदायत आजमी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के बहुआर में राइज एंड एक्ट के तहत सेंटर फॉर हार्मोनी एंड पीस द्वारा भारत की परिकल्पना और आदिवासी समाज पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमे आदिवासी जीवन और उनकी संस्कृति की चर्चा की गई। भारत की परिकल्पना आदिवासियों के योगदान की चर्चा किये बिना अधूरी है। आदिवासियों की जीवन शैली उनके संघर्ष, हक–अधिकार, न्याय, शासन पद्धति, रीति रिवाज, धर्म, दूसरे समाजों से उनका सम्पर्क और त्योहार आदि भारतीय पुरातन संस्कृति का अटूट हिस्सा हैं। आदिवासी प्रकृति के साथ–साथ मानव जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं। आदिवासी महापुरुषों ने 1857 के पूर्व ही अंग्रेजों की नीयत को समझ लिया था। उन्होंने अपनी संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए हथियार उठाया न की किसी संस्कृति के विरुद्ध। आजादी के आंदोलन से लेकर भारतीय संविधान के निर्माण के दौरान उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। उक्त बातें राइज एंड एक्ट द्वारा आयोजित परिचर्चा में वक्ताओं ने कही। डॉ मोहम्मद आरिफ ने कहा कि आजादी के आन्दोलन के दौरान ये सपना देखा गया था कि स्वतन्त्र भारत मे आदिवासियों को उनकी संख्या के अनुपात एवं अनुरूप पद प्रतिष्ठा प्राप्त होगा पर अभी तक ऐसा नहीं हो पाया। उनके संसाधनों पर राज्य जबरन कब्जा कर रहा है। हमें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के लिए सरकार पर दबाव बनाने की जरूरत है। अयोध्या प्रसाद ने कहा कि आदिवासी समुदाय मूलनिवासी है पर शिक्षा और नौकरियों में पिछड़ा हुआ है। राज्य उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। यदि आदिवासी समाज जागरूक हो जाये और आपस मे एकजुटता स्थापित करे तो समस्या का समाधान हो समता है। हिदायत आजमी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज अधिवासी समूहों के साथ खड़ा होने की जरूरत है। उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की जरूरत है। इसी के लिए हमें समाजिक केंद्र की स्थापना करनी होगी जो उनके अस्मिता और सम्मान की लड़ाई अन्य समाजों को साथ लेकर लड़े।भारत की परिकल्पना में सामाजिक न्याय, गरिमापूर्ण जीवन और शांति की ही कल्पना की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता रणजीत कुमार ने कहा कि तमाम सरकारी योजनाएं है जिनका लाभ वंचित समुदाय नही उठा पा रहा है। पढा–लिखा न होना इसका सबसे बड़ा कारण है। हमें अपने समाज को सशक्त करना है साथ ही साथ एकजुट भी करना होगा। संविधान में जो भी अधिकार दिए गए हैं हम उन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष भी करना होगा। कार्यक्रम में रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के बहुआर, बढ़ौना, कुकराही, उरमौरा, बीचपाई, मडरा, बघुआरी, बसौली आदि गांवों के आदिवासियों ने सैकड़ों की संख्या में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान आदिवासियों के नायक बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिद्धू–कानू आदि के जीवनी, और संघर्षों के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर राजेश्वर, निर्मला, नीरा, बलिराम, अवधेश, विजेंद्र, चांदनी, रिंकू, शिवसागर, अनिता आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन ज्योति ने किया।



# 25 दिसंबर से एमएलके महाविद्यालय में प्रारंभ होगा संस्थापक सप्ताह समारोह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर का संस्थापक सप्ताह समारोह 25 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। 02 जनवरी को प्रकाशोत्सव पर्व के साथ समारोह का समापन होगा। सोमवार को महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय को सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह व सह सांस्कृतिक निदेशक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने संस्थापक सप्ताह समारोह कार्यक्रम का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने बताया कि पूर्व में संस्थापक सप्ताह 22 से घोषित था लेकिन विश्वविद्यालय की परीक्षा के चलते अब यह 25 से 02 जनवरी तक चलेगा। 25 दिसम्बर को रंगोली, मेहंदी व एकल गायन प्रतियोगिता, 27 दिसम्बर को अंग्रेजी वाद–विवाद तथा एकांकी, 28 दिसम्बर को हिंदी वाद–विवाद व सांस्कृतिक संध्या, 29 दिसम्बर को चित्रकला व आशुभाषण, 31 दिसम्बर को उर्दू व संस्कृत निबंध तथा क्विज एवं 01 जनवरी को आशुकविता, अंग्रेजी निबंध व एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 02 जनवरी को प्रकाशोत्सव पर्व के साथ संस्थापक सप्ताह समारोह का समापन किया जायेगा।



# मिशन साहसिक कार्यक्रम में छात्राओं ने सीखा आत्मरक्षा का हुनर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में छात्राओं के लिए मिशन साहसिक कार्यक्रम' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा एमपी तिवारी ने छात्राओं को बताया कि महिला सशक्तिकरण में ये ताकत है कि वो समाज और देश में बहुत कुछ बदल सकें। वो समाज में किसी समस्या को पुरूषों से बेहतर ढंग से निपट सकती है। वो देश और परिवार के लिये अधिक जनसंख्या के नुकसान को अच्छी तरह से समझ सकती है। अच्छे पारिवारिक योजना से वो देश और परिवार की आर्थिक स्थिति का प्रबंधन करने में पूरी तरह से सक्षम है। महिला सशक्तिकरण, भौतिक या आध्यात्मिक, शारीरिक या मानसिक सभी स्तर पर महिलओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। छात्राओं के लिए मिशन साहसिक कार्यक्रम'' के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0एम0पी0 तिवारी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर होकर समाज में रहने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा अभिषेक सिंह की संरक्षता में आये हुए प्रशिक्षक जैनेन्द्र सिंह, गौरव द्विवेदी, हिमांशु सिंह एवं शिवम् मिश्रा और एम0एल0के0 पी0जी0 कॉलेज के युवा छात्र विद्यालय के छात्राओं को कई तरह से प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर होना सिखाया। अन्त में ''छात्राओं के लिए मिशन साहसिक कार्यक्रम'' के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने समस्त छात्राओं को समझाते हुए बताया कि महिलाओं को परी स्वंतत्रता देने की आवश्यकता है, ये उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। महिलाओं को भी अपनी पूर्वधारणाओं को बदलने की जरूरत है कि वो कमजोर हैं और कोई भी उन्हें धोखा दे सकता है या उनका प्रयोग कर सकता है। इसके बजाय उन्हें ये सोचने की आवश्यकता है कि उनमें पुरूषों से अधिक शक्ति है और वो पुरूषों से बेहतर कर सकती है। इस अवसर पर विद्यालय, उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा, एक्टीविटी इचार्ज राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापकध् अध्यापिकायें उपस्थित रहे।



# राकेश दत्त को देख सवर्णों में चेयरमैन बनने की उम्मीद जगी,मिल रहा भारी जनसमर्थन






राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के होने वाले चुनाव में इस बार सवर्णों की संख्या का आकलन हर उम्मीदवार करने में लगा हुआ है और सवर्ण भी इस बार अपनी हिस्सेदारी और उम्मीदवारी को देखकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं लेकिन क्या भाजपा अपने इन सवर्ण उम्मीदवारों को टिकट देकर पहली बार किसी सवर्ण उम्मीदवार को नगर पालिका अध्यक्ष पद पर पहुंचाने का काम करेगी जिला मुख्यालय के बुद्धिजीवियों में चर्चा का विषय बना हुआ है। आपको बता दें कि काफी दिनों बाद राकेश दत्त त्रिपाठी के रूप में जिला मुख्यालय के लोगों को एक युवा सशक्त उम्मीदवार चेयरमैन के रूप में दावेदारी ठोकते हुए मिल रहा है जहां एक तरफ पुराने दिग्गज लगे हुए हैं तो वहीं पहली बार मैदान में उतरे प्रियंका त्रिपाठी पत्नी राकेश दत्त त्रिपाठी ने अपने जनसंपर्क अभियानों से और चुनाव के नए तरीके से लोगों को चौंका दिया है आज हर घर में प्रियंका त्रिपाठी के नाम की चर्चा होने लगी है यह निश्चित रूप से एक अचरज भरा है जब किसी सवर्ण उम्मीदवारों से लोगों की आस जगी है लेकिन अब बाल भाजपा के पाली में जा रहा है जहां पर इन उम्मीदवारों की मेहनत का फल मिलना है अब देखना है कि भाजपा जनपद के किन सीटों पर सवर्ण उम्मीदवारों को उतारेगी क्या नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर की सीट को सवर्ण उम्मीदवारों को देगी, वैसे देखा जाए तो जहां बर्डपुर में ओबीसी उम्मीदवार ,उसका में ओबीसी उम्मीदवार और शोहरतगढ़ में ओबीसी उम्मीदवार लगभग तय है तो ऐसी स्थिति में निश्चित रूप से नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर को सवर्ण उम्मीदवार पर ही भाजपा को दांव लगाना चाहिए जिससे कि जनपद के सभी सवर्ण जातियां भाजपा पर विश्वास कर सकें और जी जान से मेहनत कर सकें वैसे देखा जाए तो राकेश दत्त त्रिपाठी एवं प्रियंका त्रिपाठी नगर पालिका परिषद के 25 वार्डो के हर घर जाकर जनसंपर्क अभियान कर वोट मांगते लगातार नजर आ रहे हैं तो वही उनके युवा साथी भी पीछे नहीं है लोगों की उम्मीदें जहां राकेश दत्त त्रिपाठी पर लगी हुई हैं तो वहीं राकेश दत्त त्रिपाठी की उम्मीद एवं सवर्ण जातियों की उम्मीद भाजपा से लगी हुई हैं अब देखना है कि भाजपा नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर से सवर्ण जाति के उम्मीदवार को टिकट देकर न्याय कर पाती है या पुनः किसी अन्य जाती को टिकट देकर सवर्ण जातियों को मात्र लाली पॉप देकर अपना वोटर ही बनाए रखने में सफल होती है।

## शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी में




बेसिक शिक्षा विभाग और सम्पर्क फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अंग्रेजी माध्यम परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य राम मूरत ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा की कोविड के कारण जो शैक्षिक क्षति हुई है उसकी प्रतिपूर्ति में अंग्रेजी किट का कुशलतम प्रयोग उन्हें कक्षानुरुप दक्षताएं प्राप्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगा। उक्त प्रशिक्षण में अंग्रेजी माध्यम परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत प्रति विद्यालय दो शिक्षक को 30 दिसंबर 2022 तक कुल छरू बैचों में सम्पर्क फाउंडेशन के संदर्भदाताओं द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर प्रशिक्षण प्रभारी फुरकान अहमद, डायट के प्रवक्ता अनुराग कुमार श्रीवास्तव, मो यूनुस, सतीश कुमार धवन, महेंद्र कुमार यादव, पंकज कुमार, अनिल कुमार बिंद, सरोज सिंह, एच पी पी आई के सदस्यगण आदि मौजूद रहे।

## निकाय चुनाव में भाजपा को मिलेगा प्रंचड बहुमतः रामजियावन मौर्या

### नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा जिला प्रभारी ने किया वार्डों में कार्यकर्ताओं संग बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बर्डपुर,सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत कपिलवस्तु के चुनाव को




लेकर जिला प्रभारी रामजियावन मौर्य ने नगर पंचायत के कई वार्डों में मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक कर वार्ड की टीम, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ आवश्यक बैठक कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में संगठन के बूथ अध्यक्ष, वार्ड संयोजक, सह संयोजक, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, पन्ना प्रमुख, बूथ समिति सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी रामजियावन मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है। जिसकी बदौलत आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में विद्द्यमान है। उन्होंने कहा की नगर पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने हेतु हमारी रणनीति तैयार पूरी तरह होनी चाहिए जिसको लेकर सभी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से लगना होगा। उन्होंने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मिले प्रचण्ड बहुमत का श्रेय भी कार्यकर्ताओं को दिया और कहा की आप सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं जनता के आशीर्वाद से निश्चित ही नगर पंचायत कपिलवस्तु में भाजपा का परचम लहराएगा। उन्होंने बूथ एवं वार्ड अनुसार टीम को पूरी तरह एक्टिव रहने पर जोर दिया। स्थानीय निकाय चुनाव में भारी बहुमत से जीत पाकर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पुनः ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने का मार्ग प्रशस्त करने को कार्यकर्ताओं से आह्वाहन किया। वहीं चुनाव संयोजक अजय उपाध्याय ने भी कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह तत्पर रहने की अपील किया। बैठक के दौरान जिला प्रभारी व पदाधिकारियों ने बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की टीम को सम्मानित भी किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, सुरेन्द्र यादव, ओमप्रकाश यादव, फूलचंद जायसवाल, बृजेश सिंह, सबलू साहनी, श्याम प्रकाश जयसवाल, राजेंद्र विश्वकर्मा, सुनील जायसवाल, रामनरेश पाल, राजकुमार चौधरी, विशुना देवी, शिवप्रसाद चौधरी, जय प्रकाश जायसवाल, श्यामबिहारी मिश्रा, बलदेव मिश्रा, पवन चौधरी, संकटा प्रसाद, रामवृक्ष मौर्या, गणेश कुमार, आशीष कुमार मिश्रा, राजू, सुदामा, संतोष कुमार, संतोष उपाध्याय, विवेक गोस्वमी, राधेश्याम, किशोरीलाल जायसवाल, रामदेव, मोतीलाल, कमलेश कुमार, दयालु, शिव प्रकाश, हरिराम आदि मौजूद रहे।

## हंगामे के बीच संपन्न हुई नगर पालिका परिषद बांसी बोर्ड की बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद बांसी बोर्ड की बैठक सोमवार को काफी हंगामे के बीच संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष मो




इद्रीश पटवारी ने किया। बैठक मे एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अनियमित पदोन्नति का मामला और गौतमबुद्ध नगर, अशोकनगर, आर्यनगर मे पी पी एक्ट के तहत हुई कार्यवाही का मामला छाया रहा। बैठक मे सभासद मंगल प्रसाद चौरसिया, राम गोपाल अग्रहरि ने पी पी एक्ट के तहत हो रही कार्यवाही को गलत बताते हुए कहा कि लोग अजादी से पहले से अपने घरों मे कई पुश्त से रह रहे है जिन्हे आज अवैध बताया जा रहा है। सभसदो ने कहा कि इस कार्यवाही पर रोक लगना चाहिए। सभासद मो इरफान ने अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी से प्रश्न किया कि चर्चा है कि एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का पदोन्नति किया गया है जो वरीयता से चौथे क्रम है का जवाब देते हुए अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि इसकी जानकारी मुझे नही है जबकि अध्यक्ष चुप रहे। सभासद बजरंगी वर्मा, रविन्द्र वर्मा ने नियमानुसार पदोन्नति किए जाने को कहा। बैठक मे मनोनीत सभासद सन्त राम आजाद ने वरिष्ठ व नियमित कर्मचारी को सफाई प्रभारी बनाने का मामला उठाया। अन्त मे अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने पेट्रोल पम्प तिराहा पर शहीद ए आजम चंद्रशेखर आजाद, प्रताप नगर वार्ड के पुरबौला मे भीम राव अम्बेडकर, गोरखपुर तिराहा पर स्व बृजभूषण तिवारी, रोडवेज चौराहा पर महत्मा गांधी, राप्ती नदी पर बने दोनो पुल के बीच उत्तरी तरफ वीर अब्दुल हमीद, कोतवाली तिराहा पर महाराजा अग्रसेन, इन्द्रा नगर मे डा अम्बेडकर पार्क का सुन्दरीकरण, पशुपतिनगर मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम आश्रय तिवारी, निराला नगर मे अशफाकुल्ला खां, रानीगंज तिराहा पर स्व मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में ई ओ विन्ध्याचल, सभासद सैयद मो कुतुब, अरुण गुप्ता, अकबर अली परमात्मा, विश्राम, फूल चंद्र, सालिगराम, लक्ष्मण निषाद, कपिल देव, साकिर अली आदि उपस्थित थे।

## महादेव बुजुर्ग बॉर्डर से पड़वा तस्करी का धंधा जोरो पर, दुर्घटना में एक पड़वा की मृत्यु

पंकज चौबे/दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सीमा पर तैनात संबंधित विभागों के अधिकारी निजी स्वार्थ के कारण मूकदर्शक बने हुए हैं। जिसके चलते सीमा पर जहां सक्रिय संदिग्ध कार्यों में लिप्त तस्करो एवम् पेशेवर




नाबालिक बच्चे कैरियरों के हौसले बुलंद हैं। जानकारों की माने तो ढेबरुआ थाना अन्तर्गत महादेव बुजुर्ग वोर्डर पड़वा तस्करों ने हव बना रखा है जहाँ से रात व सुबह में मवेशियों (पड़वा) को बोर्डर पार किया जाता है वही बीती रात ढेबरुआ थाना से मात्र एक किलोमीटर के दूरी पर मालघहिया गांव के पास दुर्घटना में एक पड़वा की मृत्यु व तीन पड़वा गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे तस्कर छोड़ कर फरार हो सूत्रों की माने तो ढेबरुआ थाना व महादेव एसएसबी कैम्प के रास्ते रोजाना लगभग पचासों पड़वा बॉर्डर पर किए जाते है। वही इस संबंध में थाना प्रभारी ढेबरुआ से बात की गई तो उन्होंने बताया की उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, अब सवाल यह है की पुलिस जब पूरी रात गाती करी है तो इस दुर्घटना के बारे में जानकारी कैसे नही है।

# दिव्यांग बच्चों को एक समान श्रेणी में देखा जायः मुख्य विकास अधिकारी






दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय कार्यशाला मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं जिला विद्यालय निरीक्षक महराजगंज अमरनाथ राय की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार को पुष्प गुच्छ देकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। स्कूली दिव्यांग छात्र–छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। स्कूली दिव्यांग छात्र–छात्राओं को दिव्यांगजनों की उपलब्धियां एवं डाक्यूमेंटरी फिल्म दिखायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि जब हम स्कूल में पढ़ते हैं उस वक्त दिव्यांग को अलग नजरिए से देखते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा विकलांग शब्द अच्छा न लगने के कारण इसकी जगह दिव्यांग कर दिया गया। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने में विशेष योगदान रहा। जो बच्चे देख नहीं सकते हैं, बोल नहीं सकते हैं अलग से शिक्षकों को ट्रेनिंग देकर ब्रेल लिपि के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा रही है। अक्सर ये देखा जाता है कि दिव्यांग बच्चों में एनिमीया ग्रसित होने के लक्षण ज्यादा रहते हैं। ऐसे बच्चों को चिन्हित करके आयरन की गोली खिलाया जाये। मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला से जो भी सीखें समाज में अवश्य बतायें जिससे हमारे दिव्यांग बच्चों के साथ भेदभाव न हो और दिव्यांग बच्चों को एक समान श्रेणी में देखा जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि आज इस कार्यशाला का मुख्य उददेश्य है कि दिव्यांग बच्चों को कैसे स्कूल लाया जाये और उनको विशेष शिक्षा दी जाये और उनके साथ सामान्य व्यवहार किया जाये। कार्यक्रम का संचालन नियाज कपिलवस्तुवी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक(बालिका शिक्षा) सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जिला समन्वयक निर्माण रितेश श्रीवास्तव, समस्त ए0आर0पी0, नोडल शिक्षक (दिव्यांग) व अन्य सम्बंधित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

**चीफ जस्टिस ने कहा कि कोई भी मामला छोटा या बड़ा नहीं होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च अदालत ऐसे ही लोगों की सिसकियां सुनने को बैठी है। गौरतलब है कि उस व्यक्ति को बिजली चोरी के नौ अलग अलग मामलों में 18 साल की सजा हुई थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के गोधरा कांड के दौरान पत्थरबाजी के ...**

# सुप्रीम कोर्ट ने फैसलों से दिया जवाब!

कार्यपालिका और न्यायपालिका में एक तरह से शीतयुद्ध जैसा माहौल हो गया है। सरकार की तरफ से केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू और सोशल मीडिया के सरकारी योद्धाओं ने कमान संभाली है तो दूसरी ओर से खुद सर्वोच्च अदालत ने और उसकी मदद में हैं सुप्रीम कोर्ट के तमाम ऐसे वरिष्ठ वकील, जो सांसद बन गए हैं। मिसाल के तौर पर कानून मंत्री ने गुरुवार को संसद में लंबित मुकदमों, अदालत की छुट्टियों, जनहित याचिका आदि का मुद्दा उठाया और कहा है कि बड़ी संख्या में मुकदमे न्यायिक नियुक्तियों की मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली की वजह से हैं और जब तक यह व्यवस्था नहीं बदलेगी, तब तक इस सिस्टम पर सवाल उठते रहेंगे।



इसके तुरंत बाद कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, मनीष तिवारी आदि ने संसद भवन के परिसर में कानून मंत्री और केंद्र सरकार दोनों पर निशाना साधा। पर असली बात खुद सुप्रीम कोर्ट की है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने तेवर दिखाए हैं और यह तेवर टिप्पणियों में नहीं, बल्कि फैसलों में दिखा है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले देकर सरकार को बताया है कि सरकार उसके काम में दखल न दे। यह भी मैसेज दिया है कि अगर सरकार दिशा निर्देश देने की कोशिश करेगी तो न्यायपालिका उसके उलट काम करने के लिए भी स्वतंत्र है। जैसे केंद्रीय कानून मंत्री ने अदालतों में छुट्टियों का मामला उठाया और इसे लंबित मामलों से जोड़ा और उसके अगले ही दिन चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने ऐलान किया कि सुप्रीम कोर्ट में सर्दियों की छुट्टियां 17 दिसंबर से शुरू होंगी और दो जनवरी तक चलेंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस बार सर्दियों की छुट्टी में कोई अवकाशकालीन बेंच नहीं होगी। यानी अगले दो हफ्ते सर्वोच्च अदालत पूरी तरह से बंद रहेगी और किसी मामले की सुनवाई नहीं करेगी।

इसी तरह केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को जमानत के मामले नहीं सुनने चाहिए। इसका भी जवाब चीफ जस्टिस ने दिया है। उन्होंने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के एक ऐसे व्यक्ति को रिहा किया, जो बिजली चोरी के आरोप में तीन साल से जेल में बंद था। चीफ जस्टिस ने कहा कि कोई भी मामला छोटा या बड़ा नहीं होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च अदालत ऐसे ही लोगों की सिसकियां सुनने को बैठी है। गौरतलब है कि उस व्यक्ति को बिजली चोरी के नौ अलग अलग मामलों में 18 साल की सजा हुई थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के गोधरा कांड के दौरान पत्थरबाजी के आरोप में पकड़े गए और दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को भी जमानत दी और गुजरात सरकार की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए कहा कि वह व्यक्ति 17 साल से जेल में सजा काट रहा है और जमानत का हकदार है।

# वित्त मंत्री का नजरिया

इसके पीछे सोच यह है कि सरकार जो कहानी बताती है, उसे जो भी उसी रूप में स्वीकार नहीं करता और उस पर बहस करना चाहता है, उसकी साख को संदिग्ध कर दिया जाए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के बयान पर उचित ही देश में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। आर्थिक मसलों पर संसद में सवाल पूछने पर उन्होंने विपक्ष की तुलना देश से बाहर बैठे दुश्मनों से की और कहा कि देश की आर्थिक तरक्की से उन्हें जलन होती है। यह सीधे तौर पर सवाल पूछने और कमियों की तरफ इशारा करने की जरूरी प्रवृत्ति को अपने समर्थक जमातों के बीच देश–द्रोही ठहरा देने का नजरिया है। इसके पीछे सोच यह है कि सरकार जो कहानी बताती है, उसे जो भी उसी रूप में स्वीकार नहीं करता और उस पर बहस करना चाहता है, उसकी साख को संदिग्ध कर दिया जाए। मुमकिन है कि इस आक्रामकता के पीछे असल कारण जवाब का अभाव हो। आखिर देश की अर्थव्यवस्था के कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर अगर सरकार खुल कर चर्चा करने को तैयार हो, उसे खुद श्तरक्कीय की बनाई गई अपनी कहानी में कई छेद नजर आएंगे। बहरहाल, अगर वह छेद देखने को तैयार हो, तो उससे समाधान का रास्ता भी नजर आ सकता है। लेकिन वर्तमान सरकार कोई समस्या नहीं देखना चाहती। जाहिर है, वह इन मुद्दों की चर्चा सिरे से ठुकरा देना चाहती है, ताकि भूले से भी उसकी समर्थक जमातों का ध्यान उनकी तरफ ना जाने लगे।

इस कोशिश में जनता से चुन कर आए विपक्षी प्रतिनिधियों की देशभक्ति पर भी अगर अंगुली उठानी हो, तो उसे इसमें कोई हिचक नहीं होती। लेकिन इस नजरिए के कारण देश अलग–अलग नैरेटिव्स में बंटता चला गया है। देश के दूरगामी भविष्य के नजरिए यह चिंताजनक बात है। राष्ट्र की मजबूती सहमति और साझा हित के अधिकतम पहलुओं की तलाश से होती है। देशभक्त शक्तियों का कर्त्तव्य ऐसे पहलुओं को ढूंढना और उन्हें स्वीकार्य बनाना होता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार आर्थिक मुद्दों पर विपक्षी विश्लेषण को नहीं सुनना चाहती। अगर सचमुच वह एक खास धार्मिक–सांस्कृतिक पहचान आधारित राष्ट्र निर्माण में जुटी होती, तो उसे इन मुद्दों की अवश्य चिंता होती। इसलिए कोई राष्ट्रवाद संबंधित पहचान से जुड़े लोगों की खुशहाली सुनिश्चित नहीं करता, तो वह टिकाऊ नहीं हो सकता। वह महज कुछ समूहों और वर्गों की सत्ता और वर्चस्व को, जब तक संभव हो, टिकाए रहने का जरिया ही हो सकता है।

# नशा मुक्ति: समीक्षा तो जरूरी है

**हालांकि कई नशा मुक्ति केंद्रों के संचालक यह शिकायत भी करते रहते हैं कि उन पर इतने नियम–कानून लाद दिए जाते हैं कि व्यावहारिक रूप से उन्हें पूरा करना संभव नहीं हो पाता। इस व्यवस्था से जो केंद्र संचालक ईमानदारी से इस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, वे हतोत्साहित होते हैं। बहरहाल, समय आ गया है कि सरकार और केंद्र संचालक व्यावहारिकता और ईमानदारी से इस दिशा में काम करें ताकि ...**

रोहित कौशिक

हाल में दिल्ली में नशे के आदी एक युवक ने झगड़े के बाद अपनी मां, दादी, बहन और पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। युवक कुछ दिन पहले ही नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र से लौटा था। गुरु ग्राम की एक कंपनी में काम करता था लेकिन महीने भर पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। दरअसल, नशे के आदी युवकों की सबसे बड़ी समस्या उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाना है। नशा जहां मानसिक रूप से पंगु बना देता है वहीं पारिवारिक कलह का कारण भी बनता है। ज्यों–ज्यों नशे की लत के शिकार युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, त्यों–त्यों नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। सवाल है कि कुकुरमुत्तों की तरह उग रहे नशा मुक्ति केंद्र क्या वास्तव में नशे की लत छुड़ाने के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं? दिल्ली में पूरे परिवार को मौत के घाट उतारने वाला युवक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में कुछ समय बिता कर लौटा था। स्पष्ट है कि नशा मुक्ति केंद्र उसे मानसिक रूप से स्वस्थ और इतना मजबूत नहीं बना पाया कि ऐसी घिनौनी हरकत न करता। दरअसल, इस दौर में नशा मुक्ति केंद्र भी व्यावसायिकता के शिकंजे में हैं। ज्यादातर नशा मुक्ति केंद्रों के संचालकों एवं कर्मचारियों के भीतर समाजसेवा का भाव नदारद है। जब नशा मुक्ति केंद्र खोले जाते हैं, तो जताया जाता है कि ये केंद्र सामाजिक सरोकारों के लिए खोले जा रहे हैं, लेकिन धीरे–धीरे इन केंद्रों से सामाजिक सरोकार दूर होता चला जाता है। इसका स्थान व्यक्तिगत स्वार्थ ले



लेता है। इसके कारण कई जगहों पर नशा मुक्ति केंद्र यातना केंद्र बन गए हैं। पिछले दिनों ऐसी अनेक घटनाएं प्रकाश में आई थीं जिनमें नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर मरीजों से अनैतिक व्यवहार किया जा रहा था। कुछ समय पहले देहरादून के एक नशा मुक्ति केंद्र में एक ही कमरे में 35 लोगों को रखने की घटना प्रकाश में आई थी। देहरादून में एक अधिवक्ता ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी तो खुलासा हुआ था कि कई केंद्रों का न तो पंजीकरण हुआ है, और न ही अन्य सुविधाएं जैसे प्रशिक्षित स्टाफ, सीसीटीवी कैमरे, दैनिक रजिस्टर और शिकायती रजिस्टर आदि हैं। देश के अनेक हिस्सों में ज्यादातर नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र कई तरह की अनियमितताओं के शिकार हैं। गौरतलब है कि श्सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालयय के अंतर्गत चलने वाले श्नशा मुक्त भारत अभियानय में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। मंत्रालय के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में 60 मिलियन से अधिक नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता हैं, जिनमें बड़ी संख्या में दस से सत्रह वर्ष की आयु के युवा हैं। देश में श्नशा मुक्त भारत अभियानय कई स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी के साथ चल रहा है। इन संगठनों को सरकार की तरफ से वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूलों, उच्च शिक्षण संस्थानों और विविद्यालय परिसरों पर भी ध्यान केंद्रित करने का दावा किया जा रहा है। निश्चित रूप से सरकार के दावे अपनी जगह सही हैं, और वह इस दिशा में काम करती भी दिखाई दे रही है, लेकिन जमीन पर दावों की हकीकत कुछ और ही दिखाई देती है। दरअसल, हमें समझना होगा कि नशा मुक्ति केंद्रों की व्यवस्था में थोड़ी सी भी लापरवाही इस संदर्भ में सरकारी नीतियों के ठीक ढंग से क्रियान्वयन में तो बाधा बनेगी ही, नशे की लत के शिकार युवाओं के भविष्य पर भी प्रश्न चिह्न लगाएगी। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार कोशिश करने के बाद भी नशा मुक्ति केंद्रों की स्थिति सुधार नहीं पा रही है। इन केंद्रों में व्यवस्था ठीक न होने कारण कई बार मरीजों एवं केंद्र संचालकों में टकराव की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। देश के विभिन्न हिस्सों में कई नशा मुक्ति केंद्र तो अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों में न तो मनोचिकित्सक की व्यवस्था होती है, और न ही प्रशिक्षित कर्मचारी मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों का उपचार करने में सक्षम हो पाते हैं। जब मरीज का मनोवैज्ञानिक रूप से उपचार नहीं होता है, तो वह भी जल्दी ही इन केंद्रों से अपना पीछा छुड़ाने की कोशिश करने लगता है। फलस्वरूप मरीज की स्थिति श्न घर के, न घाट केय वाली हो जाती है। ऐसे केंद्र मनोवैज्ञानिक रूप से उपचार करने का दावा तो करते हैं, लेकिन इस प्रक्रिया को गंभीरता के साथ क्रियान्वित नहीं कर पाते हैं। हालांकि कई नशा मुक्ति केंद्रों के संचालक यह शिकायत भी करते रहते हैं कि उन पर इतने नियम–कानून लाद दिए जाते हैं कि व्यावहारिक रूप से उन्हें पूरा करना संभव नहीं हो पाता। इस व्यवस्था से जो केंद्र संचालक ईमानदारी से इस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, वे हतोत्साहित होते हैं। बहरहाल, समय आ गया है कि सरकार और केंद्र संचालक व्यावहारिकता और ईमानदारी से इस दिशा में काम करें ताकि सार्थक परिणाम सामने आ सकें।

# चीन की बेचौनी और तवांग

**लेकिन उसके दुश्मन एक नहीं, बल्कि हर मुहाने पर खड़े हैं। दक्षिण चीन सागर पर चीन के पड़ोसी देश वर्षों से डंक के साथ तैयार हैं। उन्हें केवल समर्थन की जरूरत है। ताइवान ने बिगुल पहले ही बजा दिया है। कोरोना महामारी के बाद से यूरोप पूरी तरह से चीन के विरोध में है। चीन भारत के साथ संघर्ष की स्थिति पैदा करके अपनी मुसीबत को बड़ा कर रहा है जबकि उसकी अंदरूनी स्थिति प्रतिकूल है...**

प्रो. सतीश कुमार

तवांग के मुद्दे को दो तरह से देखा जा सकता है। पहला, चीन के अंदरूनी हालात बहुत ठीक नहीं हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की राजनीतिक किश्ती भंवर में फंसी हुई दिख रही है।

उनकी मंशा आनन फानन में अपनी राजनीतिक हैसियत को माओ त्से तुंग, जो चीन में साम्यवादी व्यवस्था के सस्थापक थे, के बराबर लाकर खड़ा करने की है। जबकि सच्चाई यह है कि चीन का आर्थिक ढांचा 2013 के बाद से निरंतर लुढ़कता हुआ दिख रहा है। कूटनीतिक चुनौती ताइवान और जापान की तरफ से ज्यादा सख्त है। कोरोना के आघात से चोटिल चीन की साम्यवादी व्यवस्था लोगों के क्रोध का कोप भी झेल रही है। ऐसे मौके पर पड़ोसी देशों से संघर्ष की बातें लोगों को भ्रमित करती हैं। चीन की इस दलील को नकारा नहीं जा सकता कि गलवान संघर्ष के बाद चीन ने तवांग को निशाना बनाया। दूसरा, चीन हर समय देखना चाहता है कि भारत की सैन्य और राजनीतिक व्यवस्था कितनी सजग और मजबूत है। दोकलाम, गलवान पुनरू तवांग उसी सिद्धांत की पुष्टि करता है। चीन युद्ध नहीं करना चाहता है, लेकिन यह जरूर जानना चाहता है कि भारत किस हद तक तैयार है?

भारत–चीन की सेना के बीच अरु णाचल प्रदेश के तवांग में हुई झड़प का मुद्दा देश की संसद तक पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व गृह मंत्री अमित शाह ने तवांग संघर्ष पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस बीच चीनी विदेश मंत्रालय ने तवांग संघर्ष पर बयान दिया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनिबन ने कहा कि भारत के साथ सीमा पर स्थिति श्स्थिरय है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनिबन ने कहा कि भारत–चीन सीमा पर हालात कुछ दिनों के बाद फिर से सामान्य हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। भारत के तवांग सेक्टर में शुक्रवार को आमने–सामने हुई झड़प में दोनों पक्षों के जवानों को चोटें भी आई हैं। हालांकि, वांग ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 9 दिसंबर को हुए संघर्ष के



बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। भारतीय वायु सेना की पूर्वोत्तर में मजबूत उपस्थिति है, और असम के तेजपुर और छाबुआ सहित कई स्थानों पर सुखोई–30 लड़ाकू विमान तैनात हैं। राफेल लड़ाकू विमानों को पश्चिम बंगाल के हाशिमारा में तैनात किया गया है। चीनी सेना की निगाहें एलएसी पर रही हैं, लेकिन अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले को लेकर उसका मंसूबा बार–बार सामने आता रहा है। 1962 के युद्ध के समय चीन ने भारत के पूर्वोत्तर हिस्से में अपने सैनिकों के बड़े जत्थे से तवांग के रास्ते असम तक घुसपैठ करवाई थी। कुछ समय के लिए तवांग चीन के कब्जे में रहा था। अक्टूबर, 2021 में चीन के दो सौ सैनिकों का एक दल तवांग स्थित भारत–चीन–भूटान सीमा के पास भारतीय गांव में घुस आया था, जिसे बाद में भारतीय सैनिकों ने खदेड़ा था। इस बार भी चीनी सेना के मंसूबे कुछ ऐसे ही थे लेकिन भारतीय सैनिकों के सामने एक बार फिर चीनी सेना को मुंह की खानी पड़ी।

अमेरिका का वर्तमान चीन विरोध शीत युद्ध के माहौल से अलग है। 1950 से 1972 तक विरोध वैचारिक था, साम्यवाद और पूंजीवाद के बीच वर्चस्व की लड़ाई थी, लेकिन 2016 से 2020 के बीच का द्वंद्व अस्तित्व की जद्दोजहद है। अमेरिका किसी भी कीमत पर चीन को दुनिया का मठाधीश बनते नहीं देख सकती, उसके लिए वह किसी हद तक जाने के लिए तैयार है। अमेरिका की इस सोच को अगर कोई भी देश सार्थक मदद देने की स्थिति में है, तो वह भारत है। भारत की भी अपनी जरूरतें हैं चीन को कमजोर करने में। कोरोना ने ऐसी भू–राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी है, जिसमें चीन की रफ्तार न केवल रोकी जा सकती है, बल्कि तोड़ा भी जा सकता है, और उसके लिए तिब्बत से बेहतरीन और कोई विषय नहीं हो सकता। दशकों से चली आ रही आतंक और अलगाववाद की समस्या थम जाएगी, पड़ोसी देशो में भी भारत की ध ाक बढ़ जाएगी। कूटनीति में समय–परिस्थिति की अहम भूमिका होती है, अगर तीर सही समय पर कमान से नहीं निकला तो खुद के लिए भी घातक बन सकता है।

चीन की साख निरंतर विवाद के घेरे में है। 2013 के बाद से चीन की आर्थिक रफ्तार धीमी हुई है। पिछले कुछ महीनों में कुछ देशों ने चीन के विरु द्ध मुहीम भी शुरू कर दी है। जर्मनी ने चीन की 2 सॉफ्टवेयर कंपनी प्रतिबंधित कर दी हैं। जबूती, जो अफ्रीका का छोटा सा देश है, चीन के कर्ज के भार से दम तोड़ रहा है और उसने चीनी कर्ज नहीं लौटाने का फैसला किया है। जापान और ताइवान चीन के साथ मुठभेड़ की स्थिति में दिख रहे हैं। पश्चिमी दुनिया चीन के विरोध में गोलबंद हो गई है। लेकिन चीन को मालूम है कि असली मुकाबला तो भारत के साथ होना है। इसलिए भी कि 21 शताब्दी को एशियाई शताब्दी के रूप में जाना जा रहा है। भारत कूटनीति धारदार हुई है। रूस–यूक्रेन युद्ध में अगर किसी देश की बात को सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है, तो ये भारत के प्रधानमंत्री के शब्द थे। भारत अमेरिका का साथ नहीं देते हुए भी अमेरिकी समीकरण का सबसे मुख्य हिस्सा बना हुआ है। रूस की युद्ध नीति के विरोध के बावजूद भारत–रूस संबंध मजबूत बनते गए। यह सब कुछ चीन की आंखों में किरकिरी के सामान था। चीन अपने एकमुश्त आर्थिक जाल के जरिए सामरिक समीकरण की बिसात बिछाने में फेल प्रतीत हो रहा है।



# भ्रमण की जानकारी प्रतिदिन नायब तहसील द्वारा मुमेन्ट रजिस्टर पर लिखी जायेगी: जिलाधिकारी

हरदोई। विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी तहसीलों में नव नियुक्त नायब तहसीलदारों को निर्देश दिये कि अपने सर्किल की पूरी जानकारी रखने के लिए एक डायरी में सर्किल के अन्दर आने वाले थाने, गांव, राजस्व गांव, ब्लाक, सरकारी विद्यालय, स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी केन्द्र के नाम नोट रखें साथ ही सर्किल में कार्यरत बीडीओ, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, ग्राम प्रधान, थानाध्यक्ष, कोटेदार, शिक्षक, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ीकर्ता के नाम एवं मोबाईल नम्बर भी अपने पास रखें और संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से समन्वय बनाकर क्षेत्र की जानकारी भी लेते रहें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये सभी एनटी 10 से 11 बजे तक कार्यालय में जनसुवााई करने के बाद एक से डेढ़ घंटे अदालत में बैठक लम्बित वादों का निस्तारण करने के बाद अपने सर्किल के गांवों में हर घर नल योजना के तहत जल निगम विभाग की ओर से बन रहीं टंकी आदि निर्माण कार्यो के साथ गौशालाओं का भी निरीक्षण करें और निरीक्षण आख्या प्रतिदिन उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करायें तथा भ्रमण की जानकारी मुमेन्ट रजिस्टर पर लिखी जायेगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिये कि मतदाता लिस्ट तैयार करने हेतु दावे, आपत्तियों के निस्तारण का कार्य सुपरवाजरों के साथ बैठक कर 26 जनवरी 2023 से पहले प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें और इसमें किसी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि आविवादित वरासत व स्वामित्व योजना का डेटा रखें साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करायें और हैसियत, जाति, आय व निवास प्रमाण पत्रों को निर्धारित अवधि में जारी करें। जिलाधिकारी ने तहसीलदारों से कहा कि अपने पास के आविवादित एवं विवाद वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए नव नियुक्त नायब तहसीलदों में बराबर बांट दें। राजस्व वसूली के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने तहसीलदारों को निर्देश दिये कि राजस्व बकायेदारों की सूची नायब तहसीलदारों को उपलब्ध करायें और नायब तहसीलदार अमीन एवं चपरासी के माध्यम से प्रत्येक दिन की गयी बकाया राजस्व वसूली की जानकारी लेकर एसडीएम को देगें। उन्होने कहा कि तहसीलों में कृषि, आवास तालाब एवं कुम्हारी कला के जो पट्टे शेष रह गये उन्हें शीघ्र करा दें। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम एवं ईओ को निर्देश दिये कि नगरीय निकाय चुनाव की समस्त तैयारियां पूरी रखने के साथ बढ़ती ठंड को ध्यान रखते हुए सभी चिन्हित स्थानों पर अलाव जलवायें और रन बसेरों में रजाई आदि की व्यवस्था रखें।बैठक में निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश संरक्षण समीक्षा में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि वर्तमान में जनपद के गौ आश्रय स्थलों में 30402 गौवंश संरक्षित है और 4070 गौवंश छुट्टा है। ब्लाकवार समीक्षा में सबसे अधिक भरखनी में 920, हरियावां में 516, बिलग्राम 364, टोडरपुर 246 तथा भरावन में 221 छुट्टा गौवंश होने पर जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिक, एसीवीओ तथा पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान चलाकर अपने क्षेत्र के सभी छुट्टा गौवंशों को गौ आश्रय स्थालों में भेजना सुनिश्चित करायें। बैठक में ब्लाक बिलग्राम के ग्राम जफरपुर तिगावां तथा भरावन के ग्राम कटका–कटकी में दबंगों द्वारा गौ आश्रय से गौवंशों को भगा देने की जानकारी बीडीओ द्वारा बताये जाने पर जिलाधिकारी सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बीडीओ, एसीवीओ तथा पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये उक्त दबंकों के विरूद्व तत्तकाल एफआईआर दर्ज करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थि ईओ को निर्देश दिये कि नगरीय निकाय में घूमने वाले छुट्टा गौवंशों को गौ आश्रय में भेजें। उन्होने समस्त एसडीएम, बीडीओ एवं ईओ को निर्दे कि सर्दी को देखते हुए समस्त गौ आश्रय स्थलों पर तिरपाल लगवायें और निरीक्षण कर चारा, पानी, बिजली तथा साफ–सफाई आदि व्यवस्थाओं देखे और कमियों को ठीक करायें। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों से नवीन गौ आश्रय स्थलों का निर्माण ग्राम प्रधान से मिलकर तत्काल पूर्ण करायें और एसडीएम नवीन गौ आश्रय स्थलों की कार्य योजना तैयार करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि फरवरी 2023 में सभी बीडीओ, एसीवीओ तथा पशु चिकित्सा अधिकारी एवं ईओ से प्रमाण पत्र लिया जायेगा कि उनके क्षेत्र की सड़क पर कोई भी छुट्टा गौवंश नहीं, इसलिए सभी अधिकारी निर्धारित समय तक अपने क्षेत्र के गौवंशों को गौ आश्रय स्थलों पर संरक्षित करा लें।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि ब्लाक व तहसील स्तर पर प्रत्येक माह बैठक आयोजित की जाये और उसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थित में गांव के विकास कार्यो के साथ गौवंशों एवं गौ आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में जानकारी लें। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त ग्राम पंचायतों पर तत्काल प्रभाव से बायोमैट्रिक हाजिरी की व्यवस्था करायें जिसमे ग्राम पंचायत के स्तर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी हाजिरी देनी होगी। सफाई कर्मचारियों के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि बीडीओ की संस्तुति के बाद ही सफाई कर्मचारी का स्थानान्तरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि जिन ब्लाकों में मानक से अधिक सफाई कर्मचारी है उनकी सूची बीडीओ जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर वित्तीय अनियमिता न होने दे और अगर वित्तीय अनियमिता पायी गयी तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी का उत्तदायित्व निर्धारित करते हुए कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि अपने अधिकार की गरिमा के तहत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा जनहित कार्यो को प्राथमिकता दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी, पीडी, डीसी मनरेगा सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीओ तथा ईओ रवि शंकर शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# सर्वाधिक धन अफसरशाहो के घरों में , जाँच उनकी हो : रमेश अग्रहरि

कौशाम्बी। पिछले सप्ताह प्रदेश के हर जनपद और तहसील में जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को डराने धमकाने और उत्पीड़न की कार्यवाही किए जाने के विरोध में लखनऊ के मोती नगर में स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की प्रान्तीय कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई ।

इस बैठक में लगभग 57 जनपदो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे । ईश वन्दना के उपरांत पिछली कार्यवाही का विवरण प्रान्तीय वरिष्ठ महामन्त्री रमेश अग्रहरि द्वारा पढ़कर सुनाया गया जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी । उत्तर प्रदेश में पिछले हफ्ते जीएसटी विभाग के छापों पर विभिन्न जनपदो के पदाधिकारियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए । प्रयागराज से विजय अरोरा , गाजियाबाद से अशोक चावला, नोयडा से नरेश कुच्छल , सहारनपुर से जसवंत बत्रा, काशी से राकेश जैन, गोरखपुर से मदन लाल गुप्ता, लखनऊ से राजेंद्र अग्रवाल, अयोध्या से चंद्र प्रकाश गुप्ता, आजमगढ़ से मनोज अग्रवाल, झाँसी से विष्णु हरि जालान , ललितपुर से सुरेश बडेरा, बरेली से शोभित सक्सेना ,मुरादाबाद से दीपक अग्रवाल ,शाहजहाँपुर के वेद प्रकाश गुप्ता, मिर्जापुर से शत्रुघन केशरी , कौशाम्बी से रमेश अग्रहरि, कानपुर से सुबोध चोपड़ा, इटावा से संतोष सिंह चौहान, खागा फतेहपुर से शिवचंद्र शुक्ला, रायबरेली से बसंत सिंह बग्गा, बाराबंकी से प्रदीप जैन, गोण्डा के राम सिंह , मुगलसराए से रमेश पहवा, गोला से नानक चंद्र वर्मा ,लखीमपुर से संजय अग्रवाल , औरैया के रविकान्त वर्मा लाले , लालगंज के विवेक शर्मा , हरदोई के अमित गुप्ता, कानपुर देहात के आशीष गुप्ता एवं प्रान्तीय अध्यक्ष पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल सहित कई अन्य वक्ताओं ने जीएसटी के छापों का कड़ा विरोध किया।

उन्नाव के रजनीकांत श्रीवास्तव ने बताया की उन्होंने सैकड़ों की संख्या में अधिकारियों का घेराव किया । अधिकांश जनपदो में इसके विरोध में सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन दिए गये । प्रान्तीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जीएसटी विभाग के सभी सर्वे छापों को स्थगित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा की उत्तर प्रदेश का व्यापारी सरकार को जीएसटी टैक्स 24 प्रतिशत बढ़ाकर दे रहा है।

इस माह के अखबारो में यह खघ्बर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित करायी गयी है । विभिन्न जनपदो से व्यापारी नेताओ के लगातार टेलीफोन आ रहे है कि जीएसटी अधिकारी फिर छापे की तैयारियाँ कर रहे है । यदि जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने फिर बाजारों में आने की कोशिश की तो बाजार में बैठे सैकड़ों व्यापारी उनका घेराव करेंगे और उनको बाजारों से वापिस करके दम लेंगे । बैठक में सभी वक्ताओं ने एक स्वर से प्रस्ताव पारित किया की जीएसटी विभाग के छापो को किसी हालत में स्वीकार नही किया जाएगा । सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की यदि बाजारों में अधिकारी छापो के लिए आते है तो उनका घेराव करते हुए कड़ा विरोध किया जाएगा किसी भी विभाग के छापो को व्यापारी किसी भी हालत में स्वीकार नही करेंगे । प्रान्तीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने कहा कि इस देश में सबसे अधिक काला धन अगर कही है तो वह सरकारी नौकरशाहों के घरों में है । पिछले दो वर्षों में केन्द्र सरकार ने जिन जिन अधिकारियों के यहाँ छापे मारे है उनके यहाँ अकूत काला धन बरामद हुआ है । राँची के एक बड़े अधिकारी ने इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है । जिसके घर से काफी धन प्राप्त हुआ है । मैं केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री मा नरेन्द्र मोदी , एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से माँग करता हूँ , की भारत के सभी बड़े अधिकारियों के यहाँ छापे डाले जाए तो सरकार को अरबों खरबो का धन प्राप्त हो सकता है । प्रान्तीय वरिष्ठ महामन्त्री रमेश अग्रहरि ने कहा की मैं केन्द्र और प्रदेश सरकार से पुरजोर अपील करता हूँ की व्यापारी समाज देश का सबसे बड़ा करदाता और कामदाता है ।आँकड़ो के अनुसार भारत के 7 करोड़ व्यापारी , 7 करोड़ कर्मचारी को रोजगार देने का काम करता है । व्यापारी और कर्मचारियों को मिलाकर भारत का व्यापारी 70 करोड़ लोगों को रोजी रोटी देने का काम कर रहा है । अतः करदाता और कामदाता व्यापारियों के ऊपर किसी भी प्रकार के छापे का अभियान चलाकर छापे ना डाला जाए । यदि सामान्य रूप से अधिकारी कोई जाँच करता है तो उसपर कोई एतराज नही है ।

# भारत–नेपाल सड़क को जल्द पूरा करें सरकार: सांसद जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल




ने सोमवार को शून्यकाल के दौरान सरकार द्वारा बनवाई जा रही है भारत–नेपाल सड़क सीमा परियोजना जो 1377 किलोमीटर लंबी है, उसे जल्द से जल्द पूरा करने का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि यह सड़क परियोजना बिहार (564), यूपी (640) और उत्तराखंड (173) तक फैली हुई है। लेकिन फॉरेस्ट नहीं मिलने के कारण, परियोजना में देरी हो रही है स उन्होंने आगे कहा कि आज इस परियोजना के सामने एक बड़ी बाधा सड़क परियोजना के क्षेत्रों में वन और वन्यजीवन की मंजूरी है। इस वजह से सरकार को कई जगहों पर प्रोजेक्ट को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यूपी में वन वन्यजीव क्षेत्र (लंबाई 299) से गुजरने वाली सीमा सड़क संरेखण को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इसी के साथ जगदंबिका पाल ने अपने जिले सिद्धार्थनगर का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अलीगढ़वा से गंवरिया तक लगभग 0.45 आरक्षित वन क्षेत्र परियोजना के अंतर्गत आता है। इसी तरह लताहवा घाट से पकड़ीहवा, करमैनी, रामनगर, ककरहवा और बाझा तक लगभग 0.81 किमी वन सड़क परियोजना के अंतर्गत आता है। सांसद ने आगे कहा कि सिद्धार्थनगर जिले में मालगहिया से हरवंशपुर तक जाने वाली 31.35 किमी की सड़क भी बाणगंगा नदी के बहाव के कारण खराब हो गई है। इसलिए वो सरकार से अनुरोध करते है कि जल्द से जल्द जंगल और वन्यजीवों की मंजूरी ले और इस सड़क परियोजना को पूरा करे। इससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद होगा।

## दुबई भेजने के नाम पर 75000 की ठगी

कौशाम्बी । पइंसा कोतवाली क्षेत्र के मकनपुर गोड़ा निवासी राजू पाल पुत्र रामशरण ने बताया कि मोहब्बतपुर पैसा निवासी अतहर अली पुत्र क्यामुल्ला ने जनवरी 2022 को दुबई में कप प्याला की कंपनी में भेजने के नाम पर मुझसे घ्75000 ले लिया था और फरवरी माह में मुझे दुबई भेज दिया मैं वहां पहुंचने के बाद मुझे वहां पर ना कोई कंपनी मिली और ना ही मुझे कोई कार्य मिला 1 महीने तक दर–दर की ठोकरें खाता रहा किसी तरह मैं एक महीने बाद वापस अपने घर चला आया जब मैंने अतहर से संपर्क किया तो उसने उल्टी–सीधी बातें करने लगा और धमकियां देने लगा पैसा देने से इनकार कर दिया प्रार्थी ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से हड़कंप

कौशाम्बी । कोखराज कोतवाली के भरवारी चौंकी क्षेत्र में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई,सिलेंडर में आग लगते ही हड़कंप मच गया,आग लगने के बाद घरवाले घर से बाहर निकल आए। मोहल्लों के लोगो की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया,सूचना पर डायल 112 भी पहुंची लेकिन तब तक आग बुझ चुकी थी स गनीमत रही कोई हादसा नही हुआ। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे की है , जहा गोपाल साहू के घर पर गैस चूल्हा में खाना बनाया जा रहा था,तभी गैस में लीकेज हो गया और आग लग गई,गैस सिलेंडर में तेज आवाज से आग फैलने लगी तो महिलाए घर के बाहर निकल आई,लोगो ने डायल 112 को सूचना दी,आग लगने की सूचना पर लोगो की भीड़ जमा हो गई,मोहल्ले के लोग और समाजसेवी विनय केसरवानी की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया। गैस सिलेंडर में आग लगने की सूचना पर कौशाम्बी इंडेन गैस एजेंसी के कर्मचारी शिवबाबू केसरवानी पहुंचे और गैस सिलेंडर को घर से बाहर लेकर आए और जले हुए रेग्युलेटर को तोड़कर गैस सिलेण्डर में कैप लगा दिया। जी एस टी सर्वे छापो का डटकर होगा विरोध , पिछले माह व्यापारियों ने सरकार को 24 प्रतिशत टैक्स बढ़ाकर दिया।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्थी जली

कौशाम्बी । पिपरी कोतवाली क्षेत्र के तियरा गांव में .रात शार्ट सर्किट से एक किसान के घर में आग लग गई। आग की लपटों को देख कर जुटे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। तब तक कीमती गृहस्थी जल कर राख हो गई। सूचना पर पुलिस के बाद पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तियरा निवासी निसार अहमद पुत्र नजीर उल्ला खेती किसान हैं। ..... रात वह अपने परिवार के साथ घर के अगले हिस्से में बने पक्के मकान में सो रहा था। रात करीब दो बजे उसके मकान के उपर गुजरे बिजली के तार में हुई शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। इससे मकान की बगल में रखे मवेशियों के चारा में आग लग गई। घर भी आग की चपेट में आ गया। उनका कच्चा मकान धू – धू कर जलने लगा। आग की लपटों को देख कर ग्रामीण जुट गए। नींद से जागे निसार अहमद को इसकी जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक करीब सौ बोझ चारा, कपड़े, छप्पर समेत करीब बीस हजार रुपये का सामान जल कर राख हो गया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य मेले में 450 मरीजों की नि:शुल्क जांच व दवाईयां बांटी

## नर सेवा ही नारायण सेवा: सतेन्द्र आहूजा

सहारनपुर। जनचेतना मिशन के तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन न्यू शारदानगर स्थित बजाज इंटरनेशनल स्कूल में लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन संस्था अध्यक्ष सतेन्द्र आहूजा ने रीबन काटकर किया। इस अवसर पर श्री आहूजा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा के उद्देश्य से उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जो ही सराहनीय कदम है। इस प्रकार के निःशुल्क कैम्प भविष्य में लगाये जायेंगे ताकि जरूरतमंदों की सेवा की जा सके।

स्वास्थ्य मेले को सम्बोधित करते हुए संस्थापक चेयरमैन गुलशन नागपाल ने कहा कि स्वास्थ्य मेला लगाने का उद्देश्य मरीजों को चिकित्सा के क्षेत्र में जागरूक करना है। शरीर कुदरत का दिया हुआ अनमोल रत्न है। इसकी देखभाल के लिए झोलाछाप चिकित्सक से न जाकर विशेषज्ञ की सलाह लेकर इलाज कराना चाहिए।

स्वास्थ्य मेले में डा.मोहित सिंगला, डा. तुषार महता, डा. रजनीश सिंघल, डा.रविकान्त निरंकारी, डा.रंजू चौधरी, डा.रूपम गुप्ता, डा.रेनू सिंघल, डा.प्राची अग्रवाल, डा.नैन्सी मिगलानी ने लगभग 450 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईयां प्रदान की तथा अपने स्वास्थ को ठीक रखने के लिए टिप्स भी दिये। कैम्प का कुशल संचालन संयोजक गोविन्दर सिंह ने किया। इस अवसर पर कैम्प में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में मुख्य रूप से महासचिव शिवचंद्र गुलाटी, कोषाध्यक्ष सुनील मखीजा, एच. एस.ग्रोवर, उपाध्यक्ष विरेन्द्र भारती, ललित आहूजा, प्रधानाचार्या सुषमा बजाज, रमन चावला, मुकेश सेठ, मनप्रीत सिंह, रमा आहूजा, हरजोत कौर, नीलम नागपाल आदि मौजूद रहे।

# समावेशी शिक्षा में सामुदायिक सहयोग आवश्यक: सीडीओ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। विभिन्न प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक अक्षमताओं से ग्रसित विशिष्ट



आवश्यकता वाले बच्चों को चिन्हित करने तथा उन्हें निकटतम विद्यालयों में नामांकित कराने में अभिभावकों तथा समुदाय का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। लोहिया कला भवन में आयोजित जनपद स्तरीय समावेशी शिक्षा कार्यशाला में अभिभावकों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए यह विचार मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुलहक खान ने दिव्यांग जन के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई के लिए जल्द ही एक समेकित इंटरमीडिएट कालेज की स्थापना होने जा रही है, जिसके लिए भूमि की व्यवस्था मुख्यालय पर हो चुकी है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पान्डेय ने सभी स्पेशल एवं नोडल शिक्षकों को पूरी तन्मयता से दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु अभिप्रेरित किया। नियाज कपिलवस्तुवी के संचालन में संपन्न कार्यक्रम को जनपद महराजगंज के जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय, रोटरी क्लब के डाक्टर अरूण प्रजापति एवं संतोष श्रीवास्तव, डीसी निर्माण रितेश श्रीवास्तव, डीसी बालिका शिक्षा सुरेन्द्र श्रीवास्तव तथा एस आर जी मेंबर अपूर्व श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम के दौरान अर्चिता, महिमा, कुलसुम, दीपक, विष्णु एवं शनि आदि दिव्यांग बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, ब्रेल बुक पठन एवं गायन आदि की सुंदर प्रस्तुतियों से अपनी क्षमताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विनोद मिश्रा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यशाला में एस आर जी अंशुमान सिंह सहित जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, ए आर पी हरिमोहन सिंह श्रीनेत, विक्रांत त्रिपाठी, मनोज पांडेय, मुस्तन शेरुल्लाह, सुरेन्द्र भारती, मनोज यादव स्पेशल टीचर्स चित्ररेखा मिश्रा, सुषमा पांडेय, राकेश चौधरी, डाक्टर खुर्शीद आलम आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# नरेंद्र कुमार वर्मा टिकट के लिए अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष से की टिकट दिलाने की मांग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के नगरपालिका नवाबगंज से दावेदारी करने वाले नरेंद्र कुमार वर्मा ने आज उत्तर प्रदेश समाज



वादी पार्टी के अधिवक्तता महासभा अध्यक्ष प्रदीप यादव से मिलकर नगरपालिका नावबगंज बाराबंकी के टिकट दिलाने के लिये निवेदन किया वही अध्यक्ष प्रदीप यादव ने आश्वासन दिया कि नरेंद्र वर्मा जैसा तेजतर्रार नेता कोई और नहीं है मैं पूरी कोशिश करूंगा कि नरेंद्र वर्मा को नगरपालिका नवाबगंज से समाजवादी पार्टी का टिकट दिया जाए आश्वाशन दिया कि आप से अच्छा कोई प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के पास नही है पूरी कोशिश करूँगा आपके टिकट दिलाने में। इस मौके पर अधिवक्तता सभा बाराबंकी के जिलाध्यक्ष शांति ओम व प्रदेश समाजवादी पार्टी के नेता बदरुल हसन भी मौजूद रहे।

# कलर बेल्ट टेस्ट में 114 खिलाड़ी प्रोन्नत

महराजगंज। फरेंदा स्थित मिनी स्टेडियम परिसर में महराजगंज डिस्ट्रिक ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 114 खिलाड़ियों को प्रोन्नत किया गया।

एसोसिएशन के जिला सचिव अभिषेक विश्वकर्मा ने कहा कि ताइक्वांडो खेल से जुड़ कर खिलाड़ी स्वयं के साथ दूसरों की मदद में सहायक बन सकते हैं। इस दौरान रिजवान अहमद फैजी, संजय सैनी, आकाश चौधरी, रियाज अली, रामनरायन चक्रवर्ती, फरमान आदि मौजूद रहे।

प्रोन्नत खिलाड़ियों का विवरण

व्हाइट टू एलो बेल्ट रू रुद्रप्रताप पांडेय, दरवेश माइकल, प्रिया, आकर्षी सिंह, प्राची वर्मा, साहिल अली, आराध्य त्रिपाठी, विजयपाल यादव, दृष्टि सत्यकृष्ण, मोहम्मद फैज, राज गुप्ता, आयुष गुप्ता, रुद्रप्रताप साहनी, सौरभ सिंह, आदर्श शर्मा, प्रिंस कुमार, रिया कुमारी, आर्या साहनी, श्रेयांस गुप्ता, अंशी प्रजापति, अभिनेष विश्वकर्मा, मोमिना खातून, कृष्ण कुमार, विवेक, सोनाक्षी, अभिषेक, छोटेलाल व राज।

एलो टू ग्रीन बेल्ट रू नीरज कार्तिक, रितिका जायसवाल, खुशी पांडेय, अंजलि चौधरी, काव्या भारती, उत्कर्ष सिंह, हर्ष सिंह, वीर पांडेय, अभय प्रकाश सिंह, प्रांजल मौर्या, सागर गौतम, रयान थापा, मयंक कुमार गुप्ता, सत्यम मौर्या, विजय कुमार गुप्ता, ज्योति शर्मा, विशाल सिंह, उजाला गुप्ता, उजाला यादव, आकाश गुप्ता, गुड़िया यादव, आकाश विश्वकर्मा, मो. कैफ शाह, अंश कुमार, रंजीत गुप्ता, सुधीर, रोशनी, अभय पासवान, सिद्धार्थ व चहक श्रीवास्तव।

ग्रीन टू ग्रीन वन बेल्ट– जोया अफरोज, आदित्य चौधरी, शिवा साहनी, कन्हैया, सिद्धि कन्नौजिया, आदित्य सैनी, करन शर्मा, अंशदेव गुप्ता, अनुराग साहनी, प्रतिभा शर्मा, प्रतिष्ठा चौहान व राहुल।

ग्रीन वन टू ब्लू बेल्ट रू अमन चौधरी, अजय भारती, अनुराधा भारती, आशीष भारती, मिट्ठी मद्धेशिया, मो. सैफ रईन, धैर्य प्रताप पांडेय, वीरेंद्र गुप्ता, आयुषी पांडेय, साक्षी कनौजिया, वीरेंद्र राव, ऋषिकेश, कृष्ण प्रिय, सिद्धि चौहान व आशुतोष कुमार।

ब्लू टू ब्लू वन बेल्ट रू पवन यादव, अंश प्रजापति, अंशल प्रियदर्शी, तन्मय प्रियदर्शी, प्रियेश पांडेय, सलमान हुसैन, अभय गुप्ता, शबाना खातून, अखंड प्रताप व समृद्धि।

ब्लू वन टू रेड बेल्ट रू ममता कुमारी, वाजिद अली, रघुवीर साहनी, आयुष प्रताप, अमरेन्द्र प्रताप, आयुष प्रजापति व हर्षिता प्रजापति।

रेड टू रेड वन बेल्ट रू नागेश्वर विश्वकर्मा, दयानन्द त्रिपाठी, सुधीर साहनी, नीलू गुप्ता, आदित्य मद्धेशिया, नेहा यादव व शिवेन्द्र चक्रवर्ती।

रेड वन टू ब्लैक बेल्ट रू संदीप सैनी, कुशहर साहनी, ऋद्धि चौहान, श्रीयंश चौहान, राधिका कुमारी व सूरज सैनी।

## तालाब में मछली पकड़ रहा युवक पानी में डूबा, मौत

सलेमपुर। गांव के बाहर स्थित एक तालाब में मछली पकड़ने गया एक युवक पानी में डूब गया। ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो गई थी। प्रधान की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के छपरा प्रयागपुर गांव निवासी किसन (18) पुत्र धर्मेंद्र सुबह गांव के बाहर स्थित एक तालाब में मछली पकड़ रहा था। इसी बीच वह तालाब के अंदर गहरे पानी में चला गया, जिसमें वह डूब गया। आसपास के लोगों ने जब तक उसे बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों का रो–रो कर बुरा हाल था। इसकी सूचना किसी ने कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा तैयार कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और पंचनामा बनाकर शव परिजनों को दे दिया गया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर में बाइक सवार की मौत

सिसवा बाजार। कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्रामसभा रमपुरवा में . शाम गन्ना लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सिसवा पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्राम सभा रजवल मदरहा निवासी गुलबदन (18) गांव के ही गुलशन (28) के साथ देर शाम अपनी बहन के वहां निचलौल क्षेत्र के बनकटी जा रहे थे। शाम करीब छह बजे सिसवा–निचलौल मार्ग पर ग्रामसभा रमपुरवा के पास निचलौल की तरफ से आ रही गन्ना लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली से बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें गुलबदन व गुलशन गंभीर रूप से घायल हो गए। गुलबदन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल गुलशन का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष मनोज राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# इमरजेंसी की सुदृढ़ होगी व्यवस्था, मिलेगी सहूलियत

### ड्रेस में नजर आएंगे डॉक्टर से लेकर मल्टीपरपज वर्कर, गंभीर मरीजों के ब्लड जांच की होगी सुविधा

देवरिया। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी की व्यवस्था और सुदृढ़ की जाएगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। यहां ड्यूटी पर सभी कर्मचारी ड्रेस में होंगे। वहीं, गंभीर मरीजों को चिह्नित कर प्राथमिकता के आधार पर इलाज किया जाएगा। साथ ही ब्लड की जांच की सुविधा भी रहेगी। इसके शुरू होने के बाद मरीजों और तीमारदारों को सहूलियत होगी।

महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की इमरजेंसी में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा बिहार प्रांत के सीमावर्ती क्षेत्रों के हर रोज औसतन डेढ़ से दो मरीजों को लेकर तीमारदार पहुंचते हैं। यहां जूनियर रेजिडेंट मरीजों का इलाज करते हैं। कंसल्टेंट तथा सीनियर रेजिडेंट आन काल उपलब्ध रहेंगे। अन्य स्टाफ के अलावा मरीजों व कर्मचारियों के सहयोग के मल्टीपरपज वर्करों की तैनाती भी रहती है। ड्रेस में न होने के कारण जरूरत पड़ने में उन्हें तलाशना पड़ता है। वहीं चिकित्सक कक्ष में अधिक लोगों के जाने से मना करने पर लोग उनसे उलझ जाते हैं।

इन समस्याओं और गंभीर मरीजों को जल्द सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल के निर्देश पर प्रभारी सीएमएस ने कार्ययोजना तैयार की है। जल्द यहां की व्यवस्था बदली नजर आएगी। इसके तहत चिकित्सक व कर्मी ड्रेस में होंगे। वहीं, मल्टीपरपज वर्करों को ड्यूटी पर ड्रेस कोड में रहना अनिवार्य होगा, ताकि उन्हें पहचानने में आसानी हो सके।

वहीं, भीड़ अधिक होने पर गंभीर मरीज के इलाज में आसानी के लिए ट्राईएजिन सिस्टम लागू होगा। इसके तहत ऑन काल चिकित्सक के आने से पहले गंभीर मरीजों को चिह्नित कर लिया जाएगा। ऐसे मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाएगा। इसके बाद अन्य मरीजों का इलाज होगा। इसके अलावा अन्य सुविधाएं होंगी, जिससे मरीज व तीमारदार को आसानी रहे।

**हेल्थ इंफार्मेशन सिस्टम होगा शुरूः देवरिया।** इमरजेंसी में गंभीर मरीजों के ब्लड की जांच के लिए चौबीस घंटे सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके लिए यहां एक लैब टेक्नीशियन की तैनाती की जाएगी। साथ ही हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम से लैस किया जाएगा। इससे तीमारदार को ब्लड जांच के बाद रिपोर्ट के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। पैथोलॉजी से जांच रिपोर्ट सीधे चिकित्सक के कंप्यूटर पर आ जाएगी। वह मरीज की आईडी से उसे देख लेंगे और इलाज कर सकेंगे।

## दुर्घटना में सात माह की बच्ची समेत चार लोग घायल

परतावल। श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र के परतावल महराजगंज मुख्यमार्ग पर पावर हाउस के सामने भिटौली से परतावल जा रहे ई–रिक्शा में पीछे से बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार सात माह की बच्ची समेत तीन महिलाएं घायल हो गई। बाइक चालक को भी काफी चोट लगी है। कुशीनगर जिले के मथौली क्षेत्र के करघा निवासी श्रीजावती (26), उसकी पुत्री कृति (सात माह), सास ज्योति (42) तथा सास की मां बिजली देवी (60) ई–रिक्शा पर बैठकर धर्मपुर से परतावल जा रही थीं। अभी वह परतावल पावर हाउस के पास पहुंची थी कि पीछे से बाइक सवार प्रियम शर्मा (20) निवासी इलाहाबास थाना पनियरा ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से रिक्शा पलट गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी परतावल पहुंचाया गया। चौकी प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## औषधीय खेती को मिलेगा बढ़ावा, लाभान्वित होंगे किसान

महराजगंज। उद्यान विभाग की ओर से जिले में औषधीय खेती को बढ़ावा देने की पहल होगी। किसानों को तुलसी व सतावर की खेती से जोड़ने के लिए अनुदान के रूप में बीज उपलब्ध कराया जाएगा जिससे कि वे खेती को बेहतर ढंग से कर के अपनी आय को बढ़ा सकें। आय बढ़ाकर जहां वे स्वयं समृद्ध होंगे, वहीं दूसरे किसानों को भी उनसे प्रेरणा मिल सकेगी। महराजगंज कृषि प्रधान जिला है। ऐसे में किसानों को कृषि क्षेत्र से जोड़ने की दिशा में कृषि, उद्यान आदि विभागों की ओर से नियमित रूप से पहल की जाती है। किसानों की आय को बढ़ाने के लिए अब विभाग की ओर से मेंथा की तर्ज पर अब जिले में तुलसी व सतावर की खेती को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को उनके भूमि के मुताबिक अनुदान के रूप में बीज उपलब्ध कराया जाएगा तथा खेती में तकनीकी सहायता प्रदान किया जाएगा। दोनों ही खेती से लगभग 100 से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाएगा व उनके माध्यम से दूसरे किसानों को भी प्रेरित करने का प्रयास होगा। यही नहीं, फसल के तैयार होने के बाद विभाग की ओर से उन्हें अच्छा बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा। तुलसी की 20 हेक्टेयर तथा सतावर की पांच हेक्टेयर में होगी खेतीः जिले में इस बार 20 हेक्टेयर में तुलसी की खेती कराते हुए 70 से अधिक किसानों को लाभान्वित करने की पहल होगी। वहीं, पांच हेक्टेयर में सतावर की खेती कराते हुए 30 से अधिक किसानों को लाभान्वित कराने का कार्य होगा।

## पालिकाध्यक्ष ने महर्षि परशुराम सहित अन्य महापुरुषों की प्रतिमा का किया अनावरण

कुशीनगर। पडरौना नगरपालिका परिषद के सुभाष चौक से कसेरा टोली चौक तक विभिन्न महापुरुषों और राष्ट्रपुरुषों की प्रतिमा का अनावरण रविवार को पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने किया। अनावरण के क्रम में सुभाष चौक स्थित भगवान विश्वकर्मा, भगवान परशुराम के अलावा मोदनसेन जी महाराज, सन्त रविदास और सहस्त्रबाहु अर्जुन जी महाराज की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर व मिष्ठान वितरण के साथ किया गया। अपने सम्बोधन में नपाध्यक्ष जायसवाल ने कहा कि भारत सनातन संस्कृति के आधार पर टिका एक विशाल राष्ट्र है। जिसकी जड़ों में सन्त परम्परा और आध्यात्म है। राष्ट्र के निर्माण में महापुरुषों और राष्ट्रपुरुषों सहित विभिन्न समाज के कुलगुरुओं के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी विभूतियों का सम्मान करने मात्र से ही व्यक्ति पुण्य का भागी बन जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पालिका बोर्ड के गठन के साथ ही पहली बैठक में निर्णय लिया गया था कि नगर की सीमा में स्थित सभी महापुरुषों और राष्ट्रनायकों की प्रतिमाओं की प्रतिदिन धुलाई व माल्यार्पण किया जाएगा। जो कि उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मूर्तियों के अनावरण के साथ ही वर्तमान कोतवाली रोड को महापुरुष मार्ग के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई। पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को वर्तमान भारत के राष्ट्रसन्त के रूप में परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसी सत्ता आयी है जो भारतीय संस्कृति का उचित सम्मान कर रही है। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, अनिल पाण्डेय, मुरारी पाण्डेय, अमित सोनी, सुरेश स्वर्णकार, लाल बहादुर कसेरा, श्यामबाबू मोदनवाल, लल्लन कसेरा, विजय मोदनवाल, हरिमोहन जायसवाल, दीपक जायसवाल, शंकर प्रसाद, नारंगी प्रसाद, चंदन शर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, आलोक शर्मा, राकेश शर्मा, राजन सोनी, हेमन्त शर्मा, विजय शर्मा, अरविंद वर्मा, गोपी कसेरा, संजय साहा, भोला कसेरा, मनोज कसेरा, धीरज कसेरा, भरत कसेरा, दीपू प्रसाद, मदन प्रसाद, राजन जायसवाल, राजेश जायसवाल, सांतनु जायसवाल, संजय चौबे, प्रेम कुमार मिश्र, राहुल चौबे, संदीप मिश्र के अलावा सैंकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## तेंदुआ ने बकरी को बनाया शिकार, दहशत में ग्रामीण

निचलौल (महराजगंज)। वन रेंज के जंगल से सटे झुलनीपुर नहर पटरी पर घास चर रही एक बकरी को तेंदुआ ने अपना शिकार बना लिया। जिसकी भनक लगने के बाद आसपास के लोगों में दहशत है। ग्रामीण सुनील, फजीउल्लाह, सलाउद्दीन, याकूब आदि ने कहा कि मोनू की पत्नी बकरियों को लेकर निचलौल रेंज के जंगल से सटे होकर गुजरी झुलनीपुर नहर पटरी के किनारे चरा रही थी। बकरियां घास चरते हुए जंगल के झाड़ियों के पास जा पहुंची। इसी बीच झाड़ियों के बीच छिपे तेंदुएं ने झुंड में चर रही बकरियों पर हमला बोल दिया। बकरियां तेंदुएं से जब तक भागने की कोशिश करती। तब तक तेंदुआ एक बकरी को दबोच लिया। उसके बाद बकरी को लेकर जंगल में चला गया। वहीं, बकरी चरा रही मोनू की पत्नी आनन फानन शोर मचाते हुए भागने लगी। जिसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। रेंजर सुनील राव ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। गांव में टीम भेजी गई है। लोगों को सचेत रहने की जरूरत है।

## तेंदुए का नहीं चला पता, दहशत में ग्रामीण

नौतनवां। उत्तरी चौक रेंज के जंगल से भटक कर रामनगर गांव में आए तेंदुए का पता वनकर्मी नहीं लगा सके। तेंदुआ जंगल में चला गया या कहीं छिपा है। कुछ सटीक जानकारी नहीं मिल रही है। देर रात अड्डा बाजार में एक आभूषण की दुकान के सीसी टीवी कैमरा के फुटेज में तेंदुआ दिखा था। जानकारी के मुताबिक नौतनवां थाना क्षेत्र के बैरवा जंगल के भरपुरवा से गोपालपुर जाने वाले मार्ग पर डूडी नाले की पुलिया पर देर रात तेंदुआ दिखा था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुग्रीम यादव ने बताया कि गांव के सुरेन्द्र यादव, सिकंदर यादव, निबर और संतबली गोपालपुर से एक कार्यक्रम से भोजन कर लौट रहे थे कि डूडी नाले की पुलिया पर बैठा था। लोगों को देखा तो वह नाले की तरफ चला गया। इससे ग्रामीण दहशत में हैं। उत्तरी चौक रेंज के डिप्टी रेंजर राकेश कुमार ने बताया कि गोपालपुर गांव के पास तेंदुआ दिखने की सूचना नहीं है। लोगों को बचाव के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गई है।

## कुबेरस्थान पुलिस ने 2 वारण्टी को किया गिरफ्तार

कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित, वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को कुबेरस्थान पुलिस द्वारा मु0नं0 259/2017 धारा 147/148/149/323/504/506/325/336/452/308 भादवि0 व 7 सीएलए एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त जीउत पुत्र सोहर निवासी ग्राम जंगल पचरुखिया थाना मुकामी, मु0नं0 735/2016 धारा 323/504/506/325 भादवि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रामसेवक पुत्र सुन्नर निवासी ग्राम पिपरा जटामपुर थाना मुकामी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, उ0नि0 दीनानाथ यादव, उ0नि0 मो0 सिराज, का0 केशव चौहान, का0 इन्द्रभान यादव शामिल रहे। इसी तरह कुशीनगर पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को परिवार परामर्श केंद्र द्वारा सराहनीय पहल करते हुए एक जोड़े के मध्य सुलह समझौता कराकर विदाई कराई गई। आवेदिका परिधि पत्नी अजय कुमार ग्राम खोटही थाना रामकोला जिला कुशीनगर पति–पत्नी के मध्य विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों में छोटी मोटी कहासुनी हो गई थी। अब पति–पत्नी साथ रहने के लिए तैयार है। काउंसलिंग में परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी रेखा देवी काउंसलर मीनू जिंदल व महिला का0 साधना व रीमा का सराहनीय योगदान रहा।

# विद्वत प्रकोष्ठ की बैठक सोनईचा में संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। क्षेत्र के सोनईचा गांव में मां वैष्णवी वेद विज्ञान परिषद द्वारा जनकल्याण एवं ब्राह्मण समाज के उत्थान हेतु बैठक का शुरू कर दिया तो निश्चित ही समाज का और देश का हित होगा। आगे उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदा से देश हित में समाज हित में कार्य करते हुए आ रहे हैं हम ही जो है मद्यपान, जुआ एवं अगम्यागमन से परहेज कर एक सभ्य सुसंस्कृत ब्राह्मण समाज की स्थापना हो इस पर विशेष जोर दिया। संगठन के निधि प्रमुख गोरखनाथ चतुर्वेदी ने



कहा कि ब्राह्मणों को समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर एक सुंदर ब्राह्मण समाज की स्थापना करना और ब्राह्मणों को एक होने के लिए आवाहन किया वहीं पर बड़हलगंज प्रभारी अमित त्रिपाठी जी ने कहा की मां वैष्णवी वेद विज्ञान परिषद विगत कई वर्षों से समाज के हित में कार्य कर रही है मैं गांव के सभी लोगों

आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम भगवती जगदंबा का वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूजन भगवान परशुराम के चित्रपट का अनावरण कर दुर्गा चालीसा का संगीतमय 9 आवृत्ति पाठ करके समग्र विश्व के कल्याण हेतु प्रार्थना किया गया। बैठक में मां वैष्णवी वेद विज्ञान परिषद के प्रमुख महेश आनंद त्रिपाठीजी ने कहा की आज ब्राह्मणों में एकजुटता न होने के कारण ही इनकी बात सदन में या कहीं पर नहीं की जाती है समस्त वर्गो की बात सदन में भी बोली जाती है और ब्राह्मणों के कल्याण के लिए कोई भी सरकार कभी नाम नहीं लेती है। इसलिए आज समय की मांग है। कि ब्राह्मण एक होकर एक साथ बैठकर अपनी बात रखें नहीं तो कश्मीरी पंडितों की जैसी स्थिति हो सकती है। ब्राह्मणों ने आज तक संपूर्ण भारत को अपना सब कुछ न्योछावर किया है। ब्राम्हण चंद्रशेखर आजाद के रूप में तो कभी रामप्रसाद बिस्मिल, बाल गंगाधर तिलक मदन मोहन मालवीय, जगदगुरु शंकराचार्य आदि आदि के रूप में समाज में और देश हित में आगे आकर के योगदान दिए हैं ब्राह्मण यदि अपने लोगों के बीच में बैठना कहते हैं। विश्व का कल्याण हो यह हमारी संस्कृति है। सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित् दुख भाग भवेत् यह हमारी संस्कृति है इसलिए समाज में ब्राह्मणों के प्रति अनदेखा या जो वर्ताव हो रहा है वह खपत्तरे की घंटी हैं उठो ब्राह्मणों सजग हो जाओ समाज और राष्ट्र को एक नया दिशा दशा प्रदान करो वही मां वैष्णवी वेद विज्ञान परिषद के महासचिव एवं प्रभारी विद्वत प्रकोष्ठ आचार्य जितेंद्र राम त्रिपाठीजी ने कहा कि हमारा संगठन संपूर्ण मानव जाति के हित में आज लगभग 10 वर्ष से कार्य कर रहा है और ब्राह्मण को एकत्र कर संगठित सुव्यवस्थित होने के लिए गांव गांव में जाकर धर्म संस्कृति से जोड़कर अपने समाज और अपने देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। ब्राह्मण इन चारों वर्णों में सर्वश्रेष्ठ है और यदि ब्राह्मण समाज अपने कर्म से च्यूत होता तो समाज में विकृति आएगी और अन्य जो तीन वर्ण हैं क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र उनका भी कल्याण नहीं होगा इसलिए सर्वप्रथम ब्राह्मण को वेद शास्त्र आदि का अध्ययन कर जनेऊ की रक्षा कर मांस भक्षण, से अपील करता हूं कि संगठन से जुड़ कर के संगठन के कार्यों में सहयोग प्रदान करें। गगहा ब्लाक प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी जी ने कहा कि आज ब्राह्मण समाज अनेकानेक जगह बटा हुआ है। जिस कारण ब्राह्मण समाज का उत्थान होने में बाधा उत्पन्न हो रहा है इसलिए सभी ब्राह्मणों को एक होने की आवश्यकता वर्तमान समय में, कार्यक्रम में मातृशक्ति भी बढ़ चढ़ करके भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक कुंदन राज पाण्डेय ने कहा कि सभी लोगों को संगठन का सहयोग करना चाहिए सहयोग में संगठन धन की याचना नहीं करता है बल्कि संगठन आप सब से चाहता है कि आप लोग इकट्ठा हुए हफ्ते में 15 दिन पर इसी प्रकार हर गांव में दुर्गा चालीसा का पाठ हो गए धार्मिक कार्य का आयोजन किया जाए। कार्यक्रम में आनंद मोहन दुबे, अमरनाथ पांडे, नागेंद्र पांडे, संजय गुप्ता, विवेक पांडे, दिनेश दुबे, विनय पांडे, विपिन शुक्ला, रघुवंश,अमित कुमार शुक्ला श्रद्धा देवी गायत्री देवी मनोरमा देवी सुहानी पांडे साक्षी सुप्रिया जाया शालिनी पांडे आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## नए साल में प्रेस क्लब भवन होगा अपनाः जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज। जिला मुख्यालय स्थित जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों एवं तहसील पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पत्रकार हितों से जुड़े और संगठन के भूमि भवन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जिले के चारों तहसीलों के अध्यक्ष और महामंत्री के नेतृत्व में सभी जिला पदाधिकारियों और तहसील पदाधिकारियों के पूर्ण सहयोग से नए वर्ष में जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब का अपना निजी जमीन और भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा तभी होगा जब सभी जिला एवं तहसील पदाधिकारी तन मन और धन से इस कार्य को करने में लग जाएंगे। जिला महामंत्री सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के कोई भी सदस्य पदाधिकारी अगर अन्य संगठनों के सदस्य या पदाधिकारियों के साथ अधिकारियों के बीच की कोई भी फोटो सोशल मीडिया पर अगर आता है तो जिला कमेटी से सहमति लेकर निष्कासन करने का कार्य किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष रवि त्रिपाठी ने कहा कि जिले के सभी पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य अगर लगातार तीन बैठकों में उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें जिला कमेटी से प्रस्ताव पास कर पदों से मुक्त कर दिया जाएगा और उन्हें केवल सदस्य के रूप में माना जाएगा। उसके अलावा जिला अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने बैठक में मौजूद तीनों तहसील अध्यक्ष निर्देशित करते हुए कहा कि प्रति माह बैठक आयोजित कर जिला कार्यालय को भी सूचित करें। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक जयप्रकाश सिंह दीपक शरण श्रीवास्तव, विपिन कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र शाही, नागेंद्र मोदनवाल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता, सदर तहसील अध्यक्ष सुनील यादव, निचलौल अध्यक्ष प्रदीप गौड़, फरेंदा तहसील अध्यक्ष उमाकांत, तहसील महामंत्री केशव शुक्ला, अमृत पांडे, हृदय नारायण पांडे, जनमोर्चा जिला प्रभारी सत्य प्रकाश मद्धेशिया, सुधांशु त्रिपाठी, दीपक गुप्ता, आकाश त्रिपाठी, विश्वामित्र मिश्र, दिनेश रौनियार, अंकित पांडे, उपेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, मोहम्मद कमालुद्दीन, जय कृष्ण उपाध्याय, नवीन मिश्रा, शिवदयाल गिरी, रविंद्र मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव, एसपी साहनी राकेश प्रजापति सहित जिले भर के पत्रकार मौजूद रहे।



# श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

दैनिक बुद्ध का सन्देश

राबर्ट्सगंज/सोनभद्र। आर्य समाज मंदिर में आयोजित सप्त



दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस रविवार को प्रवचन कर्ता देवी विष्णु प्रिया ने वामन अवतार, श्री राम चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। इस दौरान जीवंत झांकियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो व जय कन्हैया लाल की.. के उद्घोष से गूंज उठा। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय सभी श्रोता झूमने और नाचने लगे। सुमधुर भजनों के साथ कथा श्रवण करने भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। कथा व्यास ने वामन अवतार की कथा में बताया कि भगवान ने राजा बलि से दान में तीन ही पग मांगा। प्रभु ने पहले पग में राजा बलि का मन नापा,तो दूसरे में पूरी सृष्टि यानी धन को नाप दिया। जब तीसरे पग की बारी आई, तो राजा बलि भी मूक हो गए। तब उनकी पारी आगे आई और राजा बलि को अपना तन भगवान को

**■ कथा के अनुसार सजाई गई सजीव झांकी रही आकर्षण का मुख्य केंद्र**

**■ सुमधुर भजनों के साथ कथा श्रवण करने भक्तों की उमड़ी रही भीड़**

अर्पित कर देने की बात कही। इस तरह राजा बलि ने तन, मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए मनुष्य को उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान श्रीरामचरित मानस के दोहों व चौपाइयों का संक्षेप में वर्णन करते हुए उसका सार बताया तथा सुमधुर भजन गायन के बीच भगवान के कृष्ण रूप में जन्म लेने का उद्देश्य बताया। कथा के अनुसार लीला व्यास ज्ञानेश आनंद के नेतृत्व में सजाई गई सजीव झांकी में वामन अवतार में जीवा भारद्वाज, श्री राम शिवानी पांडे, जानकी डॉ निधि गोपाल, लक्ष्मण के रूप में शिवांगी, वासुदेव बंसी जी, विश्वामित्र श्रेया केसरी, नंद बाबा नरेंद्र गर्ग व यशोदा मैया मंजू गर्ग तथा बाल गोपाल श्री कृष्ण के रूप में श्रीनिका रही। जिन्होंने अपने सुंदर प्रदर्शन से वहां उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा का संचालन यज्ञाचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज ने किया। चतुर्थ दिवस की कथा का समापन कथा के परीक्षित एवं मुख्य यजमान वरिष्ठ समाजसेवी रतन लाल गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी अनारकली देवी ने व्यासपीठ और श्रीमद् भागवत पुराण के पूजन आरती के साथ किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सदर विधायक भूपेश चौबे, पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार, बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश मिश्रा, रामायण कल्चर मैपिंग योजना के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार केसरवानी, गणेश कुमार अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, नरेंद्र गर्ग, कृष्ण कुमार, विनोद, नितेश गोयल, संतोष, सीटू, निशा, उषा अग्रवाल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

# पंडित पारसनाथ मिश्र को मिला अजय शेखर सम्मान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। संवेदनशील सामाजिक कार्यकर्ताओं, सक्रिय



रचनाकारों का स्वतंत्र जन–अभियान काशी हिन्दू विश्व विद्यालय से सफर करते हुए विगत चार वर्षों से सोनभद्र में भी अलख जगा रहा है। समाजवादी विचार के रचनाकार नरेंद्र नीरव संयोजक की हैसियत से चतुर्थ अजय शेखर सम्मान शब्द स्वर साधक वशिष्ठ गोत्रीय पंडित पारसनाथ मिश्र को समारोह के बीच प्रदान किया। जनपद के हृदयस्थल स्थित नगरपालिका परिषद के निराला सभागार में रविवार का दिन साहित्य के नाम रहा। यह आयोजन कितना सफल रहा इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कौन–कौन साहित्यकार साक्षी थे मधुरिमा के निदेशक अजय शेखर, राजा शारदा महेश इण्टर कालेज के पूर्व प्रधनाचार्य अर्थशास्त्री शिवधारी शरण राय, कथा कार–असुविधा के संपादक रामनाथ शिवेंद्र, डॉ लखन राम जंगली, गीतकार जगदीश पंथी, सोन साहित्य संगम के संयोजक राकेश शरण मिश्र एडवोकेट, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक विजय शंकर चतुर्वेदी, विंध्य संस्कृति शोध समिति के निदेशक दीपक कुमार केसरवानी, गीतकार ईश्वर विराज,कवि प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी,अमरनाथ अजेय, विनोद कुमार चौबे एडवोकेट, सोन साहित्य संगम के उपनिदेशक सुशील राही, युवा कवि प्रभात सिंह चंदेल, डॉ वी पी सिंगला, विकास वर्मा, दिवाकर द्विवेदी मेघ विजयगढ़ी, अशोक तिवारी एडवोकेट, कौशल्या चौहान, अरुण चौबे, चंद कांत शर्मा , दिलीप कुमार दीपक, खुर्शीद आलम, सुरेश तिवारी दयानंद दयालु और धर्मेश चौहान आदि। लगातार तीन बार

**■ नगरपालिका के निराला सभागार में शब्द-स्वर साधकों की सजी अदब की महफिल**

**■ एक कवि के स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर अवरोध बना चर्चा का विषय**

राबर्ट्सगंज विधान सभा से विधायक रहे सादगी के प्रतिमूर्ति तीरथराज की अध्यक्षता में श्अजय शेखर सम्मान पंडित पारसनाथ मिश्र को जब आयोजक द्वारा दिया जा रहा था तब वैदिक मंत्रोचार और साहित्यकारों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कुछ चेहरे ऐसे भी थे जिनकी पलकें अश्को से बोझिल सी दिखी ऐसे में एक तो पारस नाथ के जेष्ठ पुत्र सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक ड़ॉ अनूप मिश्र, उनके पुत्र और परिवारी जन शामिल थे। कार्यक्रम में सूत्रधार की भूमिका में ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक पत्रकार भोलानाथ मिश्र सफल रहे। इनसेट में स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर कुठाराघात से साहित्यकार आक्रोशित सम्मान समारोह में एक समय ऐसा भी आया जब एक स्वतंत्र रचनाकार एवं नगर की सुप्रसिद्ध साहित्यिक संस्था से जुड़े साहित्यकार के कविता पाठ के समय उसकी मौलिक एवं स्वतंत्र रचना पर आयोजक द्वारा अवरोधा उत्पन्न कर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुठाराघात करने का दुस्साहस किया गया! वही रचनाकार के साथ आयोजक के इस ब्यवहार से असंतुष्ट एवं आक्रोशित एक वरिष्ठ साहित्यकार ने घोर आपत्ति दर्ज कराते हुए उन्हें माफी माँगने के लिए मजबूर कर दिया, जो साहित्यिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## राष्ट्रीय स्वराज अभियान में दो दिवसीय क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण प्रारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। कर्मा ब्लॉक में राष्ट्रीय स्वराज अभियान अंतर्गत दो



दिवसीय क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामअधार कोल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई प्रमुख प्रतिनिधि ने बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य भी राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सके गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ गांव, बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना आदि उद्देश्यों को लेकर महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य के उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिससे राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग कर राष्ट्र को मजबूत करने का काम करें वही एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित 9 विषयों के आधार पर क्षेत्र पंचायत की योजना तैयार करते हुए सतत विकास लक्ष्यों को 2030 तक सत प्रतिशत प्राप्त करना है वरिष्ठ फैकेलटी डीपीआरसी द्वारा क्षेत्र पंचायत विकास योजना 15 वा वित्त व राज्य वित्त के विषय में जानकारी दी गई व मंडल स्तर पर शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया उक्त अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामाधार कोल एडीओ पंचायत बृजेश कुमार राजेश त्रिपाठी विनय चौबे भास्कर प्रसाद सादिक अंसारी रवि पांडे सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा का जोरदार हुआ स्वागत

## युवाओं को रोजगार देने मे केंद्र व प्रदेश सरकार हर मुद्दे पर फेल-अजय राय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। तय कार्यक्रम के तहत भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को मुख्यालय पहुंचते ही कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चाचा नेहरू से यात्रा की शुरुवात किया। यात्रा को बढ़ौली चौराहे पर पहुचने पर सैकड़ो की तादाद में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे के नेतृत्व में पूर्व विधायक अजय राय का स्वागत किया, और जगह जगह युवा कांग्रेस, सेवादल, और आमजनता ने स्वागत किया। इस दौरान एक सभा को सम्बोधित करते हुए



प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि बीजेपी सरकार में ब्यापारी सबसे ज्यादा परेशान और हताश है। गस्त के नाम पर परेशान किया जा रहा है। किसानों को खाद बीज की समस्याएं है। युवाओं को रोजगार देने में फेल है बीजेपी सरकार। कांग्रेस सरकार में तमाम कल कारखाने लगाए लेकिन बीजेपी सरकार केवल उसे बेचने का काम किया। यूपी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खा ने कहा कि बीजेपी सरकार में केवल नफरत फैलाया जा रहा है। इसलिए भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। प्रदेश महासचिव राघवेंद्र सिंह ने कहा कि राहुल गाँधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा अब गांव गांव शहर की तरफ बढ़ गया हैं। राहुल गांधी की तरफ जनता आशा भारी निगाह से देख रही है। महिला जिला अध्यक्ष उषा चौबे ने कहा कि महंगाई से जनता त्रस्त है। जनपद में कल कारखाना होने के बाद भी जनपद के युवा बेरोजगार है। पूर्व विधायक भगवती चौधरी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लोगो का भारी समर्थन और सहयोग मिल रहा है। जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड व सेवादल के जिलाध्यक्ष ने कहा कि अजय राय के नेतृत्व यात्रा में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। पूर्व पीसीसी सदस्य राजेश द्विवेदी व हाजी नूरुद्दीन खान ने कहा कि जिस उम्मीद से राहुल गांधी प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय गांव गांव शहर शहर यात्रा के माध्यम से जनता को जो संदेश दे रहे हैं अगर इमानदारी से मेन बॉडी के लोग लग जाएं परिवर्तन तय है केवल चुनाव में लाभ पहुंचाने वाले लाभ लेने वाले आज संगठन से दूर हो गए हैं ऐसे लोगों को कार्यालय आने से वंचित रखना चाहिए लेकिन ऐसा होता नहीं? अभी चुनाव आ जाएगा तो कुछ लोग बरसाती मेंढक की तरह टपक जाएंगे, लाभ लेकर कभी अपना चेहरा दिखाना वाजिब नहीं समझते। प्रदेश कमेटी को चाहिए मेन बॉडी के छोड़ कांग्रेस में जो भी प्रकोष्ठ विभाग है उन लोगों पर भरोसा करके जिम्मेदारी सौंपकर काम लेना चाहिए। चुनाव में भी इन से काम लेना चाहिए लेकिन चुनाव में इन लोगों को किनारे करके चुनाव लड़ा जाता है जिसका नतीजा पूर्व विधानसभा में देखने को मिला उक्त मौके पर वसीम अंसारी,राजेश द्विवेदी, बब्बू तिवारी, जगदीश मिश्रा,नीरज त्रिपाठी,शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा, महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे, सेवादल जिला अध्यक्ष कौशलेश पाठक, यूवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित चौबे, नुरूदीन खा, गोपाल पाठक लवकुश केशरी, सद्दाम हुसैन, आकृति निर्भया, शैलेन्द्र चौबे, मृदुल मिश्रा सहित हजारों लोग शामिल रहे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप पहुंचे बड़ा जैन मंदिर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। अन्तर्गत शहर स्थित बड़ा जैन मंदिर में समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद



कुमार सिंह गोप ने पहुंच कर जैन मंदिर में भगवान के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाकर भगवान की आरती भी की। इसके बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी भारत गौरव दिव्यशक्ति गणनी प्रमुख श्री 108 ज्ञानमती माता के सम्मुख शीश नमन कर दर्शन प्राप्त किया। तत्पश्चात माता की रथ यात्रा की आरती करते हुए पुष्प अर्पित किए तथा ध्वज दिखाकर रथ यात्रा को रवाना किया। पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप के जैन समाज के सभी पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत और सम्मान भी किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि 108श्री ज्ञानमती माता के दर्शन प्राप्त कर हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। की जब भी कोई जैन समाज का कार्यक्रम होता है तो हमको जैन समाज के बीच पहुंचने का अवसर प्राप्त होता है यह मेरे लिए हर्ष का विषय है। मैं जैन समाज का जीवन भर आभारी रहूंगा। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद लोगों में व्यापारी नेता पवन जैन डब्बू, अंकुर जैन, प्रकाश जैन, राजेश जैन, दीप चंद जैन, हरीश चंद्र, जैन, ऋतु जैन कल्पना जैन स्वाती जैन, बाबुल सभासद, तारेश जैन तारु पूर्व सभासद, आदि सैकड़ों लोग रथ यात्रा में उपस्थित रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# जनपद के 80 ग्राम पंचायतों में ग्राम समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## ग्राम पंचायत हथवानी में जिलाधिकारी ने सुनी समस्या, समाधान हेतु सम्बंधित को दिया दिशा निर्देश



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। ग्राम समाधान दिवस में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया यह कार्यक्रम 19 से 25 दिसंबर तक चलाया जाना है जिसमे लोगो की समस्या सुन कर उसका निस्तारण किया जाना है। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने विकास खण्ड दूद्धी के दुरूह ग्राम पंचायत हथवानी में जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी जिलाधिकारी के समक्ष गांव पंचायत के लोगों ने मुख्य रूप से बिजली की बिल, स्कूल, सड़क एवं पेयजल की समस्या उठाई जिसका तत्काल निस्तारण के लिए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने के साथ ही अधिशासी अभियंता विद्युत को तत्काल गांव में कैंप लगाकर बिल सुधारने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत में एनम सेंटर निर्माण का भी निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत में आने वाले सड़क खराब होने पर सड़क को मरम्मत हेतु निर्देश संबंधित को दिया गया तथा ग्राम पंचायत स्कूल व पंचायत भवन पर कार्य हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत में सरिता देवी का आवास देखा गया जिसमें ईट की गुणवत्ता खराब पाई गई जिस पर सचिव को निर्देशित किया गया कि इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। बैगा और चेरो जाति के बन रहे आवासों में गौशाला से जिनके पास गाय नहीं है उनको भी गाय उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया जिससे कि वह गाय को पाले एवं दूध का लाभ ले सके सकें। ग्राम समाधान दिवस में तहसीलदार दुद्धी विशाल सिंह जिला पंचायत अधिकारी सोनभद्र अनिल केसरी डीपीसी स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम प्रधान, सचिव, एडीओ पंचायत तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# रूम फ्रेशनर घर पर भी आसानी से किए जा सकते हैं तैयार, जानिए 5 तरीके



आजकल घर महकाने के लिए रूम फ्रेशनर का चलन बढ़ गया है। ऐसे में बाजार में कई तरह के रूम फ्रेशनर्स मौजूद हैं, लेकिन ज्यादातर हानिकारक केमिकल्स युक्त होते हैं। इन केमिकल्स के संपर्क में आने से एलर्जी या अस्थमा होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में इन परेशानियों से बचने के लिए आप घर पर भी बड़ी आसानी से रूम फ्रेशनर्स तैयार कर सकते हैं। आइए आज पांच तरह के रूम फ्रेशनर बनाने के तरीके जानते हैं।

साइट्रस मिंट रूम फ्रेशनर

ताजगी भरी सुगंध से भरपूर यह रूम फ्रेशनर घर के वातावरण को शांतिपूर्ण बनाने के साथ अच्छी महकाने में मददगार हो सकता है। इसे बनाने के लिए पानी, वनिला एक्सट्रेक्ट, वाइल्ड ऑरेंज एसेंशियल ऑयल और पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल को एक साथ मिला लें। उसके बाद इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भरें और अच्छी तरह से मिलाने के बाद पूरे घर में छिड़क दें। कुछ ही देर में पूरा घर महक जाएगा।

सिरका रूम फ्रेशनर

हल्के कीटाणुनाशक गुणों से भरपूर सिरका घर से दुर्गन्ध दूर करने के साथ हवा को ताजा और स्वच्छ बनाने में बेहद प्रभावी हो सकता है। यह हवा से हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में भी मदद कर सकता है। सिरके का रूम फ्रेशनर बनाने के लिए सफेद सिरके और पानी की बराबर मात्रा खाली बोतल भरें और इसे अच्छे से हिलाने के बाद मिश्रण का छिड़काव अपने पूरे घर में करें।

बेकिंग सोडा और दालचीनी का रूम फ्रेशनर

यह रूम फ्रेशनर पर्यावरण के अनुकूल, स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और किफायती भी है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक स्प्रे बोतल में पानी, बेकिंग सोडा और दालचीनी पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को पूरे घर में छिड़क दें। कुद ही देर में आपका घर महक उठेगा। हालांकि, अगर आपको दालचीनी पसंद नहीं है तो इसकी जगह संतरे के पाउडर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

कैमोमाइल और लैवेंडर एसेंशियल ऑयल से बना रूम फ्रेशनर

अगर आपको फूलों की सुगंध पसंद है तो लैवेंडर और कैमोमाइल एसेंशियल ऑयल से बना रूम फ्रेशनर काफी पसंद आएगा। यह रूम फ्रेशनर एक तरह से अरोमाथेरेपी का भी काम करेगा। इसे बनाने के लिए एक स्प्रे बोतल में वनिला एक्सट्रेक्ट, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल, पानी समेत कैमोमाइल एसेंशियल ऑयल को एक साथ मिलाएं और जरूरत पडने पर इसका इस्तेमाल करें।

कॉफी रूम फ्रेशनर

इस रूम फ्रेशनर के इस्तेमाल से आपके घर से तेज दुर्गन्ध भी आसानी से दूर हो सकती है। इसे बनाने के लिए कॉफी पाउडर और पानी को मिलाकर एक कांच की बोतल में भर लें। अगर आपके पास कांच की बोतल नहीं है तो कॉफी बीन्स को गीले सूती कपड़े में लपेटकर घर में कहीं टांग दें। इससे भी आपके घर में बेहतरीन कॉफी की खूशबू फैल जाएगी।

## व्हाइट ड्रेस में बला की खूबसूरत लग रही हैं श्रद्धा दास

साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक श्रद्धा दास हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज से सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने



लेटेस्ट लुक्स की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट और सेक्सी लुक देख कर फैंस उनकी दिलकश अदाओं पर एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं। तमिल–तेलुगू के अलावा और भी दूसरी भाषाओं की फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने बोल्ड लुक्स को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट बोल्ड एथनिक लुक्स की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने व्हाइट कलर की बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है। एक्ट्रेस श्रद्धा दास की इन तस्वीरों में बला की खूबसूरती दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने इन तस्वीरों में एक बार फिर से अपने ट्रेडिशनल लुक्स में कहर ढा दिया है। श्रद्धा दास आए दिन अपनी एक से बढ़कर एक तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा दास कभी साड़ी में तो कभी सूट और कभी बिकिनी में अपने हुस्न का जलवा बिखेरती रहती हैं।






## शाहरुख के गाने बेशरम रंग की यूट्यूब पर धूम, 10 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया



बॉलीवुड में आजकल अगर कोई फिल्म सबसे ज्यादा चर्चा में है तो वो है शाहरुख खान की पठान, जिसका सोशल मीडिया पर विरोध हो रहा है, वहीं इसके पहले गाने बेशरम रंग ने आग में घी डालने का काम किया है। इसे लेकर देशभर में विवाद हो रहा है। हालांकि, अब जो खबर आई है, उससे शाहरुख के चाहनेवाले तो फूले नहीं समाएंगे। दरअसल, इस गाने ने यूट्यूब पर धमाल मचा दिया है।

फिल्म के प्रोडक्शन हाउस यशराज बैनर ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। पोस्ट में लिखा गया, अभी तो हमने बेशरम रंग की धुन पर थिरकना शुरू ही किया कि इसने यूट्यूब पर 10 करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया। इसी के साथ गाने का लिंक भी साथ में साझा किया गया है। बेशरम रंग 12 दिसंबर को रिलीज हुआ था और रिलीज के एक घंटे में ही इसे 10 लाख से ज्यादा लोगों ने देख लिया था।

बेशरम रंग का खासतौर पर शाहरुख–दीपिका के प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार था। उन्होंने गाने की पहली झलक सामने आते ही दीपिका की दिलकश अदाओं पर जमकर प्यार लुटाया था और पहले ही इसे चार्टबस्टर साबित कर दिया था। गाने में शाहरुख और दीपिका रोमांस करते दिख रहे हैं। बीच साइड पर शूट हुए इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि शिल्पा राव, कारालिसा मोंटेयरो और विशाल–शेखर की जोड़ी ने गाने को अपनी आवाज दी है।

सोशल मीडिया पर इस गाने की खूब आलोचना हो रही है। खासकर दीपिका की भगवा रंग की बिकनी पर बवाल मचा हुआ है।

बॉलीवुड से भगवा रंग का कनेक्शन बहुत पुराना है। फिल्म वॉर के गाने घुंघरू टूट गए में वाणी कपूर भगवा रंग की बिकनी में दिखीं। कैटरीना कैफ फिल्म बार बार देखो के गाने आंखों को तेरी आदत है में इसी रंग की बिकनी में दिखीं।

फिल्म में शाहरुख और दीपिका ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसमें अभिनेता जॉन अब्राहम भी हैं। वह फिल्म में शाहरुख और दीपिका के साथ दो–दो हाथ करते दिखेंगे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में आशुतोष राणा भी एक खास भूमिका निभाएंगे। उनके अलावा डिंपल कपाडिया और गौतम रोडे इसका हिस्सा हैं। सलमान खान और ऋतिक रोशन फिल्म में मेहमान भूमिका निभाएंगे। पठान 25 जनवरी, 2023 को हिंदी के साथ तमिल और तेलुगु में भी रिलीज होगी।

## वेलकम 3 का शीर्षक होगा वेलकम टू द जंगल

फिल्ममेकर फिरोज नाडियाडवाला वेलकम 3 के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी की सभी फिल्मों को दर्शकों ने




सराहा है। अब फिरोज ने इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त के नाम से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि इस फिल्म का शीर्षक वेलकम टू द जंगल रखा गया है। बता दें कि अक्षय कुमार अभिनीत वेलकम 2007 में आई थी, जबकि इसका दूसरा भाग वेलकम बैक 2015 में रिलीज हुआ था। फिरोज ने बताया, फिल्म वेलकम 3 को वेलकम टू द जंगल कहा जाएगा। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी के हास्य और मनोरंजन को बरकरार रखेगी। इसके अलावा यह एक सैन्य कार्रवाई की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन होगा। खबरों की मानें तो इस फिल्म में एक बार फिर नाना पाटेकर, अनिल कपूर और परेश रावल नजर आएंगे। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है।

## सर्दियों में ठंडे पानी से नहाने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे



सर्दियों के दौरान लोग नहाने के लिए गरम पानी का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ठंडे पानी से नहाने के अपने कई फायदे हैं। ठंडे पानी से स्नान करना आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। हालांकि, हृदय रोग से पीडि़त लोगों को ठंडे पानी से नहाने से बचना चाहिए। आइए आज हम आपको ठंडे पानी से नहाने पर मिलने वाले पांच प्रमुख लाभों के बारे में बताते हैं।

सक्रिय रहती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

ठंडा पानी ल्यूकोसाइट्स के उत्पादन को बढ़ाने में मदद करता है। ल्यूकोसाइट्स शरीर में संक्रमण से लडने में मदद करने के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा नियमित रूप से ठंडे पानी से नहाने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता भी सक्रिय रहती है और इससे सर्दी–खांसी और फ्लू जैसी बीमारियों से सुरक्षा मिल सकती है। ठंडे पानी से नहाने से मेटाबॉलिज्म का स्तर भी बढने लगता है और यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने में सहायक

ठंडे पानी से नहाने से हमारे शरीर को अपने तापमान को बनाए रखने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है जिससे ब्लड सर्कुलेशन अपने आप बढने लगता है। बेहतर ब्लड सर्कुलेशन त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद कर सकता है। ठंडे पानी से नहाने से वर्कआउट के दौरान मांसपेशियों को होने वाले नुकसान को ठीक करने में भी मदद मिल सकती है।

बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मददगार

शैंपू करने के बाद बालों को ठंडे पानी से धोने से बालों में चमक आती है। दरअसल, ठंडा पानी स्कैल्प के रोमछिद्रों को बंद कर देता है और क्यूटिकल्स को टाइट कर देता है। यह नमी को भी लॉक करता है और समय के साथ बालों को रूखा और बेजान होने से बचा सकता है। इसके विपरीत गरम पानी न सिर्फ आपकी त्वचा, बल्कि बालों को भी रुखा बना सकता है।

डिप्रेशन को कम करने में सहायक

डिप्रेशन से निपटने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी से नहाना भी लाभदायक हो सकता है। इसे इलेक्ट्रोशॉक थेरेपी के रूप में जाना जाता है। ठंडा पानी मस्तिष्क को इलेक्ट्रिक इंपल्स भेजता है, जो शरीर को सतर्कता, स्पष्टता और ऊर्जा का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। ठंडे पानी से नहाने से शरीर में एंडोर्फिन या हैप्पी हार्मोन भी रिलीज होने लगते हैं।

मेटाबॉलिज्म का स्तर सुधारने में कारगर

कई शोध के मुताबिक, ठंडे पानी से नहाने से मेटाबॉलिक रेट बेहतर होता है। इसके अलावा, यह ब्राउन फैट के उत्पादन को भी बढ़ाता है। यह एक विशिष्ट प्रकार का वसा ऊतक होता है जो कैलोरी जलाकर ऊर्जा उत्पन्न करता है। हफ्ते में दो से तीन बार ठंडे पानी से नहाने से समय के साथ वजन घटाने में भी मदद मिल सकती है।